ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 20 जून 2024
वर्ष 5, अंक 86, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुपर-8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका जीता 15
फिल्म द ब्लफ की शूटिंग के दौरान प्रियंका चोटिल 16

# अमेजन पार्सल में निकला कोबरा

बेंगलुरु, एजेंसी

- कंपनी ने माफी मांगी, पैसे वापस किए, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल





बेंगलुरु में एक दंपत्ति द्वारा मंगाए गए अमेजन पार्सल में जिंदा कोबरा सांप निकला। सांप पैकेजिंग के लिए चिपकाने वाली टेप में सांप चिपका हुआ था। इस कारण वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचा पाया। दंपत्ति के मुताबिक पार्सल में कोबरा सांप था। सरजापुर के रहने वाला यह दंपत्ति आईटी पेशेवर हैं। दंपत्ति ने पूरे प्रकरण का एक वीडियो भी बनाया है जो सोशल मीडिया देखा जा सकता है।

मामले में अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि कंपनी इस घटना की जांच कर रही है। हम ग्राहकों की सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं और इस घटना की भी जांच कर रहे हैं।

**दंपत्ति ने अमेजन की लापरवाही बताया :** दंपति ने कहा उन्हें अपने ऑर्डर के बदले पूरा पैसा वापस मिल गया है, लेकिन उन्हें आश्चर्य है कि अत्यधिक विषैले सांप के साथ अपनी जान जोखिम में डालने के बदले उन्हें क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट रूप से सुरक्षा उल्लंघन है जो केवल अमेजन की लापरवाही और उनके खराब परिवहन, गोदाम की स्वच्छता एवं रखरखाव में कोताही के कारण हुआ है।

## प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई फैसले

# धान समेत 14 फसलों का बढ़ा एमएसपी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2024 - 25 के लिए धान, बाजरा, मक्का, तिल और कपास समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल काला तिल और कपास का समर्थन मूल्य बढ़ाने की प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के इस फैसले से किसानों के पास दो लाख करोड़ रुपये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है। काला तिल के एमएसपी 983 रुपये प्रति क्विंटल, तिल में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। नई घोषणा के अनुसार खरीफ सीजन 2024 -25 में धान के लिए एमएसपी 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। ग्रेड ए के लिए यह 2320 रुपए प्रति क्विंटल होगा। ज्वार- संकर का एमएसपी 191 रुपए बढ़ाकर 3571 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। ज्वार- मालडंडी का एमएसपी 196 रुपये बढ़ाकर 3421 रुपये प्रति क्विंटल होगा। बाजरे का एमएसपी 125 रुपये बढ़ाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। रागी का एमएसपी 444 रुपये बढ़ाकर 4290 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। मक्का का एमएसपी 135 रुपये बढ़ाकर 2225 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। अरहर के एमएसपी में 550 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। इसका एमएसपी 7550 रुपये प्रति क्विंटल होगा। मूंग का एसपी 124 रुपये बढ़कर 8682 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द का एमएसपी 450 रुपये की वृद्धि के साथ 7400 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

### वाराणसी हवाई अड्डे के लिए 2,869 करोड़

**नई दिल्ली।** वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के लिए 2,869 .65 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी। हवाई अड्डे के विकास में नए टर्मिनल भवन के साथ अन्य कार्य होंगे। अड्डे की यात्री संचालन क्षमता को मौजूदा 39 लाख यात्री प्रति वर्ष से बढ़ाकर 99 लाख यात्री यात्री प्रति वर्ष करना है।

### एनएफआईईएस स्कीम को मंजूरी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 की अवधि के लिए 2254 .43 करोड़ रुपये के केंद्रीय क्षेत्र की योजना नेशनल फोरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) को मंजूरी दी गई। संबंधित वित्तीय परिव्यय गृह मंत्रालय द्वारा अपने बजट से प्रदान किया जाएगा।

### 76,200 करोड़ से बनेगा बड़ा बंदरगाह

महाराष्ट्र के वधावन में 76,200 करोड़ की लागत से एक विशाल बंदरगाह के विकास को मंजूरी दी। परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (वीपीपीएल) करेगी जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) की एक विशेष उद्देश्यीय इकाई (एसपीवी) है।

## एक नजर

### आंध्र प्रदेश के सांसद की बेटी ने सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति को कुचला

**चेन्नई।** युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) से राज्यसभा सदस्य बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी को एक व्यक्ति को गाड़ी से कुचलने के मामले में गिरफ्तार किया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 17 जून को बसंत नगर की है। माधुरी द्वारा व्यक्ति को कुचले जाने के बाद वह वहां से फरार हो गईं। गाड़ी में माधुरी के साथ एक और महिला थी।

### चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में आपात लैंडिंग

**देहरादून।** गढ़वाल के पर्वतीय क्षेत्रों में बुधवार की दोपहर बारिश से पहले तेज अंधड़ से खासी दिक्कतें हुईं। मौसम एकाएक बिगड़ने से केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए रवाना हुए चार हेलीकॉप्टरों की एम्स ऋषिकेश में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। एक हेलीकॉप्टर में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री भी सवार थे। सकुशल लैंडिंग होने पर सभी लोगों ने राहत की सांस ली। चारधाम यात्रा में लगे चार हेलीकॉप्टरों ने केदारनाथ से सहस्त्रधारा हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन दोपहर में एकाएक मौसम बिगड़ गया और तेज अंधड़ शुरू हो गया। जिस वजह से हेलीकॉप्टर डगमगाने लगे, तब उनमें सवार श्रद्धालुओं के हाथ-पांव फूल गए।

### आलू के चिप्स के पैकेट में मृत मेंढ़क मिला

**जामनगर।** आलू के चिप्स (पोटैटो वेफर्स) के एक पैकेट में कथित तौर पर मृत मेंढक पाए जाने के बाद बुधवार को जामनगर नगर निगम ने जांच के आदेश दे दिए हैं। मुंबई के एक निवासी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर की गई आइसक्रीम में मानव उंगली का टुकड़ा मिलने के दावे के कुछ दिनों बाद यह शिकायत आई है। जामनगर नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के तहत आलू के चिप्स के पैकेट के उत्पादन बैच के नमूने एकत्र किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीबी परमार ने बताया जैस्मीन पटेल नाम की एक युवती ने हमें सूचना दी कि बालाजी वेफर्स द्वारा निर्मित क्रंचेक्स के एक पैकेट में एक मृत मेंढक मिला है। हम कल रात उस दुकान पर गए, जहां से इसे खरीदा गया था।

**पेपर लीक की आशंका पर लिया फैसला**

# यूजीसी-नेट परीक्षा रद सीबीआई जांच के आदेश

## मामले की गहन जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने लिया फैसला, 18 जून को हुई थी परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए कराया था पंजीकरण
- दोबारा परीक्षा की तारीख के लिए शीघ्र की जाएगी घोषणा

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का बुधवार को आदेश दिया और मामले को गहन जांच के लिए सीबीआई को सौंपा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यूजीसी-नेट परीक्षा इसलिए रद की गई कि ऐसी जानकारी मिली थी कि परीक्षा की शुचिता से समझौता किया गया है। मंत्रालय का यह फैसला, मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में कथित अनियमितताओं को लेकर उपजे बड़े विवाद के बीच आया है और यह मुद्दा अब उच्चतम न्यायालय में है। परंपरा से हटकर, इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एक ही दिन (18 जून) में 'पेन और पेपर मोड' में आयोजित की गई, जिसमें 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिर से यह परीक्षा की जाएगी। यूजीसी-नेट परीक्षा के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है। मंत्रालय ने कहा है कि परीक्षा रद्द करने का निर्णय केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत साइबर अपराधों की निगरानी करने वाली एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) से प्राप्त सूचना के बाद लिया है।

### बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। सरकार परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह फिर से कहा जाता है कि इस मामले में संलिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह परीक्षा 5 मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। इसके नतीजे 14 जून को घोषित किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण नतीजे 4 जून को ही घोषित कर दिये गए थे।

### नीट परीक्षा को भी रद्द करे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नेट परीक्षा रद्द होने को छात्रों के जज्बे की जीत बताया और कहा कि मोदी सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए अब मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को भी रद्द करना चाहिए। खडगे ने कहा आप परीक्षा पर चर्चा तो बहुत करते हैं, नीट परीक्षा पर चर्चा कब करेंगे। उन्होंने कहा केंद्रीय शिक्षा मंत्री पहले कहते हैं कि नीट में कोई पेपर लीक नहीं हुआ। जब बिहार, गुजरात एवं हरियाणा में शिक्षा माफिया की गिरफ्तारियां होती हैं तो शिक्षा मंत्री मानते हैं कि कुछ घपला हुआ है। नीट की परीक्षा रद्द कब होगी।

## कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक 6 वर्ष आयु जरूरी

- एनईपी 2020 के तहत एक अप्रैल को आयु की गणना का था आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों में अब कक्षा एक में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र 31 जुलाई तक 6 वर्ष होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति के तहत अब तक एक अप्रैल को बच्चे की आयु 6 वर्ष निर्धारित थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश पर संशोधन करते हुए नया आदेश जारी किया है जो सत्र 2024-25 से लागू होगा। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को 6 वर्ष की आयु के नियम वाले आदेश के बाद सरकारी स्कूलों में बच्चों की नामांकन संख्या घटने लगी थी। शिक्षकों की ओर से आयु निर्धारण की तारीख 31 जुलाई किए जाने की लगातार मांग की जा रही थी। शासन ने इसका संज्ञान लेते हुए निदेशक को आदेश में संशोधन करने का निर्देश दिया था।

दरअसल, पुराने नियम के चलते उन बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ रहा था जिनकी आयु मई- जून में 6 वर्ष हो रही थी। उन्हें प्री प्राइमरी और या बाल वाटिका में प्रवेश लेकर कक्षा एक में प्रवेश के लिए पूरे एक साल इंतजार करना पड़ता।

# पीलीभीत से अपहृत छात्रा को लखीमपुर में फेंका, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे, छात्रा 12 जून से गायब थी छात्रा

> कार सवार कुछ लोग छात्रा को चिमनी गांव के पास फेंक गए हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 12 जून से लापता थी। थाना उत्तरी सेहरामऊ पीलीभीत में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज है।
> - **अजीत कुमार**, एसओ खीरी

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अगवा जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा को बुधवार की सुबह कार सवार बदहवाश हालत में थाना खीरी क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास फेंक कर भाग निकले। बताया जाता है कि कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। छात्रा 12 जून से से गायब थी। उसकी गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ (पीलीभीत) में दर्ज कराई गई थी। छात्रा की हालत गंभीर है।

गांव चिमनी के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब सात बजे एक कार आई। कार में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। गांव चिमनी के पास पल भर के लिए कार रुकी, लोग जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले कार से एक किशोरी को सड़क किनारे फेंक दिया गया और चालक तेज रफ्तार कार लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस किशोरी को लेकर जिला अस्पताल पहुंची और उसे भर्ती कराया है। किशोरी अपना नाम और पता व थाना उत्तरी सेहरामऊ बता पा रही थी। सूचना पर थाना खीरी एसओ अजीत कुमार भी जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर छात्रा के परिवार के लोग उत्तरी सेहरामऊ पुलिस के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। परिवार वालों के आने के बाद जिला अस्पताल से किशोरी को जिला महिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ।

# अलीगढ़ में युवक को भीड़ ने पीटकर मार डाला, तनाव

अलीगढ़, एजेंसी

- एसपी बोले- दो समुदायों के लोगों के एकत्रित होने के बाद तनाव, चोरी का था आरोप

अलीगढ़ शहर में मंगलवार रात भीड़ द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना शहर के मामू-भांजा मोहल्ले की है और मृतक की पहचान फरीद (35) के रूप में हुई है, जो कि एक ढाबे पर काम करता था।

पुलिस अधीक्षक एम. शेखर पाठक ने बताया कि मृतक के परिवार की शिकायत के अनुसार फरीद देर रात जब ढाबे से घर लौट रहा था तो रास्ते में भीड़ ने उसे घेर लिया और बुरी तरह पीटा। उन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले लोगों का आरोप था कि फरीद चोरी करने के लिए एक घर में घुसने का प्रयास कर रहा था। पाठक ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फरीद को मलखान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गयी। एसपी ने बताया हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग रेलवे रोड के पास पुराने शहर में कुछ स्थानों पर जमा हो गए जिस कारण इलाके में कुछ दुकानें बंद रहीं।

## योग दिवस में शामिल होंगे मोदी आज जाएंगे कश्मीर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे।

# मुठभेड़ में दो आतंकी किए ढेर

- दो जवान घायल, हादीपोरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू

श्रीनगर, एजेंसी





जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सेना और सीआरपीएफ ने रफियाबाद सोपोर के हादीपोरा इलाके में संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने संयुक्त दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की।

### रियासी आतंकी हमलाः मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**जम्मू (ब्यूरो)।** रियासी यात्रा बस पर हमले का पुलिस ने एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है, जिसे रियासी यात्री बस हमले के दौरान आतंकवादियों की मदद करने और उन्हें रसद सहायता देने का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। 9 जून को शिव खोरी से आ रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी जिसकी पहचान हाकम दीन (40) पुत्र एमए खान निवासी -बंधराही (सैदा नाल्हा), जिला राजौरी के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आतंकवादियों को भोजन और आश्रय के साथ-साथ कई बार उन्हें शरण देने में भी शामिल था।

## मंत्री ने 'बेटी पढ़ाओ' का नारा गलत लिखा, विपक्ष का हमला

**मप्र।** मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा गलत लिखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है जिसके बाद विपक्षी दल कांग्रेस ने उनकी योग्यता पर सवाल उठाए हैं। धार के ब्रम्हा कुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में 18 जून को स्कूल चलो अभियान के तहत आयोजित किया गया था जिसमें धार सीट से सांसद ठाकुर मुख्य अतिथि थीं। ठाकुर, केंद्रीय मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं। वीडियो में नारा गलत तरीके से लिखती नजर आ रही हैं।

# खराब प्रदर्शन पर समीक्षा में जुटी उप्र भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

## पार्टी के अनुभवी नेताओं की टीम जिलों का दौरा कर तैयार कर रहे रिपोर्ट

- सौंपे गए संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक विस. क्षेत्र का दौरा कर 25 जून तक देनी होगी रिपोर्ट
- प्रदेश नेतृत्व इस रिपोर्ट को बाद में केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा, डेढ़ दर्जन सवालों पर मंथन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा निरंतर टोह ले रही है कि चुनाव पूर्व सब कुछ दुरुस्त कर लेने के बावजूद झटका कहां-कहां से और क्यों लगा। चुनाव परिणामों में भाजपा को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश से लगा है। पार्टी यहां 33 सीटें ही जीत पाई। आखिर कौन-कौन से ऐसे कारण रहे जिसके चलते भाजपा का राज्य में इस बार प्रदर्शन खराब रहा? पार्टी इन कारणों को इक्का-दुक्का नहीं बल्कि लगभग डेढ़ दर्जन सवालों की एक चेकलिस्ट तैयार कर पड़ताल में जुटी है। इस कड़ी में रायबरेली और अयोध्या में हार की समीक्षा पर खासा जोर है।

पार्टी की ओर से अनुभवी एवं वरिष्ठ नेताओं को चेकलिस्ट के साथ पड़ताल में नियुक्त किया है। इन्हें सभी 80 संसदीय क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश हैं। इसमें हारी और जीती सीट सभी के क्षेत्र शामिल रहेंगे। जिम्मा 40 नेताओं पर है, जिन्हें अपनी-अपनी रिपोर्ट 25 जून तक प्रदेश नेतृत्व को सौंपनी होगी। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व केंद्रीय नेतृत्व से यह रिपोर्ट साझा करेगा।

सवालों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जिला स्तर के पार्टी पदाधिकारियों की भूमिका, उम्मीदवारों के चयन उनकी छवि, रणनीतिक विफलताएं, उम्मीदवार का स्थानीय लोंगो से जुड़ाव, विपक्षी उम्मीदवार के प्रति झुकाव के कारण, पार्टी के मुद्दों के आगे विपक्ष के क्या नैरेटिव प्रभावी रहे, जैसे डेढ़ दर्जन और सवाल शामिल हैं। इसमें आरक्षण, रोजगार, सरकारी योजनाओं जैसे सवाल भी शामिल होंगे। दरअसल, इतनी विस्तृत समीक्षा के पीछे संगठन की मंशा तीन साल बाद (2027) उप्र. में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समय रहते होमवर्क कर लेने की भी है। ग्राऊंड जीरो पर उतर कर चेकलिस्ट के साथ पड़ताल करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, प्रदेश महासचिव गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, विदयाभूषण, विजय पाठक समेत अन्य अनुभवी नेता शामिल हैं। यह रिपोर्ट अगर तैयार हो जाती है तो पहले प्रदेश नेतृत्व, फिर केन्द्रीय नेतृत्व इस पर विमर्श करेगा।

## केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

**धनशोधन मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि तीन जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया गया। इस दौरान विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा उनकी हिरासत बढ़ाने का कोई आधार नहीं है।

# 67,500 के नकली नोट पकड़े

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

## लखनऊ से लाकर यहां करते थे खपत, 3 गिरफ्तार

**अमृत विचारः** पुलिस ने नकली नोटों के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एक तस्कर भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के 67,500 रुपये के नकली नोट और एक कार बरामद की। ये लोग लखनऊ से नकली नोट लाकर यहां खपत करते थे।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे गश्त कर रहे थे। पुलिस ने एक सूचना पर बरेली मोड़ के निकट गर्रा पुल के पास से कार सवार लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र के नीरज कुमार, तिलहर के विवेक कुमार मौर्या और कलान के जबर सिंह को पकड़ा। एक आरोपी चंदन निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली भाग गया। इनके पास से 100 और 500 के कुल 67500 रुपये के नकली नोट बरामद किए।



चौक कोतवाली पुलिस की हिरासत में तीनों आरोपी।

### 60 रुपये में मिलता है सौ का नकली नोट

आरोपी विवेक मौर्या ने बताया कि लखनऊ में दुबग्गा से वे नकली नोट लाते हैं। 60 रुपये में 100 का नकली नोट मिलता है। अपने साथियों के सहयोग से शाहजहांपुर, बरेली समेत कई जिलों में असली नोट के साथ मिलाकर नकली नोट चला देते थे। पुलिस के मुताबिक विवेक पर सात मुकदमे सदर बाजार, चौक कोतवाली में दर्ज हैं। इसके अलावा नीरज और जबर सिंह पर चौक कोतवाली में एक-एक मुकदमा दर्ज है। पुलिस अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

## शहर में आज

☞ शहर में निकाली जाएगी आमंत्रण यात्रा प्रात : 6 :15 बजे।

☞ व्यापारी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपेंगे सुबह 10 :30 बजे।

## एक नजर

### सीएचसी कर्मियों ने छबील लगाकर पिलाया शर्बत

**शाहबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए सीएचसी कर्मियों ने छबील लगाकर शर्बत का वितरण किया गया। उमस भरी गर्मी में ठंडा शर्बत पीकर के राहगीरों ने राहत की सांस ली। भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल हैं। बुधवार को सीएचसीकर्मियों ने सीएचसी गेट पर छबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। साथ ही चिकित्सा अधीक्षक मोहित रस्तोगी ने भी अपने हाथों से किसानों व राहगीरों को शर्बत पिलाकर धर्म पुण्य लाभ कमाया। इस दौरान बीपीएम विकास कुमार, उपकार सिंह, संजय कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### शर्बत पिलाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**सैफनी, अमृत विचार :** बुधवार को छितौनी गांव में समाजसेवियों ने मिलकर गांव के मुख्य मार्ग पर शर्बत का इंतजाम किया और तपती गर्मी से बेहाल होकर रास्ते से गुजर रहे राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनका गला तर कराया। शर्बत पीकर राहगीरों ने समाजसेवियों को काफी दुआएं दीं। इस मौके पर नौशाद इदरीसी, नाजिम नेता, नाजिम सुल्तान, परवेश अंसारी, साकिर नेता, आलम अंसारी ,आरिफ अंसारी, समीम अंसारी, वसीम आदि मौजूद रहे।

### नगर में जल की आपूर्ति न होने से मचा हाहाकार

**मिलक, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में पालिका की बड़ी टंकी को बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रांसफार्मर ने दम तोड़ दिया। वहीं दो ट्यूबवेल की जल आपूर्ति करने वाली मोटरें फुंक गईं। जिस कारण नगर की आधी आबादी में जल आपूर्ति बाधित है। नगर में हाहाकार मच गया। बुधवार तक जल आपूर्ति में सुधार नहीं हो पाया। अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बड़ी टंकी को बिजली आपूर्ति करने बाला ट्रांसफार्मर फुंक गया है। नए ट्रांसफार्मर की बिजली निगम से मांग की गई है।


कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते दिशांत चंद्रायन। ● अमृत विचार

## नए व्यक्ति को नहीं दें खाते से संबंधित जानकारी : दिशांत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रिर्जव बैंक के उप महाप्रबंधक दिशांत चंद्रायन ने ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों को सर्तक रहने की सलाह दी। नए व्यक्ति को अपने बैंक खाते के बारे में जानकारी नहीं देने पर जोर दिया।

महमूदपुर स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक में बुधवार को वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में एलडीएम मदन मोहन प्रसाद ने लोगों को बैंक से संबंधित जानकारी दी। प्रथमा बैंक यूपी के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय शर्मा ने बैंक में जमा और अग्रिम योजनाओं के बारे में बताया। वित्तीय साक्षरता सलाहकार भूप सिंह यादव ने वित्तीयय साक्षरता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक अजीत सिंह, नेमचंद्र, कमल प्रकाश, पूरन सिंह,करन सिंह, पान सिंह, दयाराम आदि रहे।

### जिले में 1156 तालाबों के किनारे लगे हैं बांस के पौधे, 2023 में 50 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित

## रामपुर के किसानों को मालामाल करेगा ग्रीन गोल्ड

सुहेल जैदी, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रीन गोल्ड (हरा सोना) कहे जाने वाले बांस की खेती से रामपुर के किसानों की तकदीर बदल सकती है। जिले भर के 1156 तालाबों पर बांस की खेती से किसान दीर्घकालिक लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए प्रशासन ने वर्ष 2022 में तालाबों के किनारे 75 हजार बांस के पौधे रोपित कराए थे। वर्ष 2023 में 50 हजार बांस के पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बांस की खेती से किसानों को जोड़ने का भी खाका तैयार किया गया है। इस खेती में एक हेक्टेयर भूमि पर पांच हजार रुपये खर्च होंगे।

बांस की उपयोगिता किसी से छिपी नहीं है। घर बनाने व पर्व-त्योहार के मौके पर ही नहीं है, बल्कि बांसुरी, लाठी, डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती, मेज, कुर्सी, सोफा, हेड्रिक्राफ्ट समेत तमाम कार्यों में बांस का उपयोग किया जाता है। बांस के उत्पाद की कीमत बढ़ी है, वहीं इसकी मांग भी तेजी से बढ़ रही है। बांस पर्यावरण के लिए भी काफी फायदेमंद है। यह भी पीपल की तर्ज पर 24 घंटे कार्बन डाई आक्साइड को अवशोषित करता है और ऑक्सीजन गैस छोड़ता है। बांस के पौधे काफी तेजी से बढ़ते हैं जिसके कारण चार से पांच वर्ष में तैयार हो जाता है और 30 साल तक इस पौधे से आर्थिक मुनाफा कमाया जा सकता है।


बांस के पौधे लगाते किसान। ● अमृत विचार

● बांस से बन रहीं बांसुरी, लाठी डलिया, फर्नीचर, अगरबत्ती मेज, कुर्सी और सोफा

### बांस से बने उत्पादों की बढ़ रही मांग

डीसी मनरेगा मंशाराम बताते हैं कि भारत सरकार ने बांस को पेड़ की कैटेगरी से हटा दिया है। किसान अब बिना किसी रुकावट के आसानी से बांस की खेती कर सकते हैं। राष्ट्रीय बैंबू मिशन को तकनीकी सहायता देने के लिए बैंबू टेक्निकल सपोर्ट ग्रुप का भी गठन किया गया है। पिछले साल सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाई थी। सरकार के इस कदम से बांस उद्योग में उछाल आ गया है आज बाजार में बांस से बनी क्रॉकरी खूब बिक रही है। बांस की बोतल बांस के कप-प्लेट, चम्मच, कांटा, थाली, स्ट्रॉ जैसे उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है। रामपुर के 1156 तालाबों के किनारे बांस का पौधरोपण कराया गया है जहां एक कर्मचारी बांस की पौध की तालाब के लिए तैनात कराया गया है।

### इन क्षेत्र में तालाबों के किनारे हो रही बांस की खेती

| ब्लॉक | तालाबों की संख्या |
|---|---|
| बिलासपुर | 311 |
| चमरौआ | 32 |
| मिलक | 325 |
| सैदनगर | 102 |
| शाहबाद | 157 |
| स्वार | 229 |
| कुल | 1156 |

बांस की खेती के लिए कोसी क्षेत्र की जलवायु उपयुक्त है। वहीं एक बार बांस की खेती करने के बाद एक हेक्टेयर से दो से तीन लाख तक की कमाई की जा सकती है। रामपुर के किसानों के लिए यह खेती ग्रीन गोल्ड की तरह है। एक बार बांस का पौधा रोपित होने के पश्चात 30 साल तक आय का साधन बना रहता है।

–डॉ. लक्ष्मीकांत, कृषि वैज्ञानिक

## कागजों में बिजली फुल, धरातल पर गुल, गर्मी से लोग बेहाल

### शास्त्री नगर में फुंका 250 केवीए का ट्रांसफार्मर, चार घंटे तक नहीं मिली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रजा बिजलीघर के फीडर का शास्त्रीनगर में रखा 250 केवीए ट्रांसफार्मर एलटी केबल शॉट होने से फुंक गया। आपूर्ति नहीं मिलने से गर्मी में क्षेत्र के लोग बेहाल हो गए। बुधवार शाम चार बजे से बिजली ठप रही। रात आठ बजे बाधित विद्युत आपूर्ति को सुचारु कराया जाएगा। बिजली कागजों में फुल है लेकिन, धरातल पर गुल है। उसके कारण गर्मी के मौसम में लोगों में त्राहिमाम मचा है। बिजली जाने पर बच्चे रोने लगते हैं।

शहरवासियों को विद्युत निगम के अधिकारी निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं दिला पा रहे हैं। सिर्फ आपूर्ति कागजों में फुल है और धरातल पर गुल है। यह स्थिति तब है कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि गर्मी में शटडाउन नहीं लिया जाए। ऐसे में विद्युत निगम के अधिकारी सीएम के निर्देशों का पालन नहीं हो रहे हैं। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

रजा बिजलीघर के फीडर शास्त्री पार्क में रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर का एलटी केबल शॉट हो गया। इससे ट्रांसफार्मर फुंक गया। उपखंड अधिकारी पीके सिंह ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है। रात आठ बजे तक बाधित विद्युत आपूर्ति सुचारु करा दी जाएगी।


ढकिया में बिजली नहीं आने पर पेड़ के नीचे समय बिताते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### पहाड़ी गेट और डूंगरपुर क्षेत्र में हो रही सबसे अधिक कटौती

शहर के दो बिजलीघरों से अंधाधुंध कटौती हो रही है। इसमें पहाड़ी गेट, डूंगरपुर क्षेत्र में सर्वाधिक कटौती हो रही है। पहाड़ी गेट के उपभोक्ताओं का कहना है कि पतंगबाजी का बहाना बनाकर अंधाधुंध कटौती की जा रही है, दिनभर लगातार कटौती का सिलसिला जारी रहता है। भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को आपूर्ति नहीं मिलने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा शाहबाद गेट के उपभोक्ता भी लो वोल्टेज की समस्या को झेल रहे हैं।


ढकिया क्षेत्र में 15 दिन से दोपहर के वक्त छह-सात घंटे विद्युत कटौती की जा रही है। रोजाना तापमान बढ़ रहा है। लगातार बिजली कटौती होने के कारण घरों में बच्चे रोते रहते हैं।

– योगेंद्र सिंह


प्रदेश सरकार भीषण गर्मी में बिजली कटौती न करने की बात कहती है। जबकि ढकिया क्षेत्र में लगे मधुकर बिजली घर से दोपहर को रोजाना बिजली कटौती की जा रही है। इससे बच्चे परेशान हैं।

– राजपाल सिंह


भीषण गर्मी के बावजूद ढकिया क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। इसके कारण घरों में लगे इन्वर्टर भी डाउन हो जाते हैं। इससे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। लेकिन जिम्मेदार बेखर हैं।

– मदन मोहन सिंह


भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जहां लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथी ही खेतों में खड़ी धान व गन्ने की फसलें भी सूख रही है। क्षेत्र के लोगों को निर्बाध रूप से बिजली दी जाए।

– देव प्रकाश सिंह

### ढकिया में लोग पेड़ों के नीचे बिता रहे समय

**ढकिया, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। अघोषित विद्युत कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली का शेड्यूल है। लेकिन 12-13 घंटे ही ढकिया क्षेत्र के लोगों को बिजली मिल पा रही है। बुधवार दोपहर 12 बजे से शाम के पांच बजे तक आपूर्ति ठप रही। 10 दिन से रोजाना बिजली की कटौती की जा रही। ढकिया कस्बे में लोग दोपहर के वक्त बिजली कटौती होने से परेशान होकर शुक्रवार बाजार वाली मढ़ी पर पहुंच जाते हैं। जहां वे चारपाई डालकर और जमीन पर बैठकर पेड़ों की छांव में दोपहरी बिताते हैं। दोपहर के वक्त बिजली कटौती होने पर क्षेत्र के मधुकर गांव में स्थित बिजली घर फोन करके आपूर्ति की मांग करते हैं तो ड्यूटी पर तैनात एसएसओ तेज हवा चलने के कारण दोपहर के वक्त बिजली बंद कर करने की बात कहते हैं। बिजली कटौती होने से लोगों में निगम के खिलाफ रोष व्याप्त है।


ट्रांसफार्मर रखती टीम। ● अमृत विचार

### 10 घंटे नहीं मिली बिजली गर्मी से बिलबिलाए लोग

**भोट, अमृत विचार:** उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि के चलते पूरा दिन विद्युत आपूर्ति नहीं मिलने से भीषण गर्मी में क्षेत्र के लोग बिलबिला गए। उपभोक्ता देर शाम तक विद्युत आपूर्ति सुचारू होने का इंतजार करते रहे। भोट स्थित उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि कर 15 एमवीए से 20 एमवीए की जा रही है। बुधवार को ट्रांसफार्मर बदला गया। सुबह नौ बजे से ही आपूर्ति बंद कर निगम की टीम नए 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को लगाने में जुटी थी। इस दौरान क्रेनों से नए ट्रांसफार्मर को उपकेंद्र में इंस्टाल कर तकनीकी खामियों को दूर किया गया। जेई चंद्रिका यादव ने बताया कि ट्रांसफारमर को इंस्टाल कर दिया गया है। जल्दी ही विद्युतापूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का किया इलाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** क्लबफुट को खत्म करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन की ओर से जिला अस्पताल में सहायक पर्यवेक्षण हुआ। इसमें आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. लखवीर सिंह, तकनीशियन को अनुष्का फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर डॉ. उबैद सिद्दीकी ने प्रशिक्षित किया।

डॉ. उबैद सिद्दीकी ने बताया कि अनुष्का फाउंडेशन राज्य सरकार और विभिन्न चिकित्सा कर्मचारियों के सहयोग से क्लबफुट से पीड़ित बच्चों को उपचार प्रदान कर रहा है। क्लबफुट एक जन्म दोष है, जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से एक को प्रभावित करता है। इलाज न होने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन दिव्यांगता का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उचित उपचार से क्लबफुट का पूरी तरह से इलाज संभव है। बताया कि क्लबफुट को खत्म करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन ने अपने क्लबफुट कार्यक्रम को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के साथ साझेदारी की।

संगठन क्लबफुट और उनके उपचार कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) योजना, आशा कार्यकर्ताओं, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इस दौरान स्पोर्टेड सुपरविजन मे अनुष्का फाउंडेशन के ब्रांच मैनेजर अली फैजान और शबाहत अली मौजूद रहे।


जिला अस्पताल में बच्चे का इलाज करते डॉ. उबैद सिद्दीकी। ● अमृत विचार

● इलाज न होने पर आजीवन रह सकती है दिव्यांगता

### बेसिक शिक्षकों ने की पदोन्नत करने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र करने की मांग की है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। इसमें कहा है कि जूनियर हाईस्कूलों में हेड के पदों पर पदोन्नति 14 वर्षों से नहीं हुई है। जिले में 300 से अधिक जूनियर हाईस्कूलों में हेड के पद रिक्त चल रहे हैं।

इस पदोन्नति को लेकर सीनियरिटी का विवाद उच्च न्यायालय ने निस्तारित कर दिया है। 30 जून तक पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण किए जाने की मांग की गई है। प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों और जूनियर हाईस्कूलों में सहायक अध्यापकों के 600 से अधिक पद रिक्त हैं। इन पदों पर पिछले आठ वर्ष से पदोन्नति नहीं हुई है। पदोन्नति के लिए कोर्ट में टीईटी को लेकर विवाद समाप्त हो गया है।

## एसडीएम कार्यालय में वकीलों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** तहसील में स्थित न्यायालय एवं कार्यालयों में भष्ट्राचार और अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल बुधवार को 13वें दिन भी जारी रही। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील परिसर और उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। भष्ट्राचार एवं अनियमितताएं समाप्त होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर तहसील के अधिवक्ता सात जून से आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने मुरादाबाद पहुंचकर मंडलायुक्त से भी मुलाकात करने की कोशिश की।

अधिवक्ताओं का आरोप है कि अधिकार उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिवक्ता हड़ताल पर रहकर लगातार न्यायिक कार्य से विरत हैं। उनका कहना है कि तहसील स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में भष्ट्राचार, अनियमितताएं हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से वादकारी परेशान हैं। दाखिल खारिज के मामले रजिस्ट्रार कानूनगो की मनमानी के कारण लंबित हैं। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि रजिस्ट्रार कानूनगो का कई माह पूर्व तबादला हो गया था। लेकिन उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया। वह तहसील में वादकारियों और लोगों का दोहन कर रहे हैं। इन ससमस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कार्यालय के सामने नारेबाजी की। उनका कहना है कि उनकी यह जंग जारी रहेगी। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज, महासचिव दिनेश कुमार चौहान, जफर उद्दीन खां, श्योराज सिंह, प्रताप सिंह, कुंवर संजय सिंह, प्रेम सिंह, पृथ्वी सिंह, खुर्शीद अहमद, सोमवीर सिंह, हरस्वरूप सिंह, वाजिद अली, प्रमोद कुमार, विजेंद्र सिंह, संजय सैनी, जयप्रकाश सैनी, अब्दुल माजिद, मोहम्मद हनीफ, राशिद अली, धर्मेंद्र सिंह, भागीरथ सिंह, रघुवीर सिंह, कुंवरपाल सिंह, फारूख सैफी, तेजवीर सिंह और गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।


तहसील टांडा में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

तहसील में व्याप्त भष्ट्राचार समाप्त हो। अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाए जाए। अधिवक्ताओं, वादकारियों की समस्याओं के समाधान तक हड़ताल जारी रहेगी।

–अनिल भारद्वाज, अध्यक्ष, बार वेलफेयर एसोसिएशन

**मौसम** 20 जून को बूंदाबांदी के आसार, तापमान में आएगी गिरावट, 42 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

## एक–दो दिन में भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और तपिश के बीच एक-दो दिन में राहत मिलने की उम्मीद है। जिले में 20 जून को बूंदाबांदी के आसार हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह से शाम तक आसमान से आग बरसती रही। इससे लोग बेचैन रहे। शाम को आसमान में बादल छा गए लेकिन, वर्षा नहीं हुई।

सुबह से ही सूर्यदेव के तेवर तल्ख रहे। तेज धूप और तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। लोग घरों से निकलने से बचते नजर आए। सड़कों क किनारे ठंडे पेय पदार्थों को खरीदकर लोगों ने गला तर किया। उधर, भीषण गर्मी में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर राहत महसूस की। उधर, गर्मी के बीच लोग रात में भी नींद नहीं ले पा रहे हैं। कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा, अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 से 28 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। वायु वेग आठ से 16 किमीमीटर प्रतिघंटा की गति से रह सकता है। 20 जून को गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है। बुधवार शाम आसमान में बादल छा गए। लोगों को वर्षा की उम्मीद जग गई है।


बुधवार शाम आसमान में छाए बादल। ● अमृत विचार

### गर्मी में अशुद्ध पानी पीने से बचें

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. दशरथ सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में अशुद्ध पानी पीने से बचें। वरना कई बीमारियां घेर सकती हैं। कुछ बीमारियां तो सामान्य होती हैं, जिनका इलाज आसान होता है। लेकिन कुछ बीमारियां गंभीर होती हैं, जिनका समय पर इलाज नहीं करवाया गया तो ये जानलेवा साबित हो सकती हैं। गर्मी में पीलिया ऐसी बीमारी है जो अशुद्ध पेयजल पीने के कारण हो जाती है। डॉ. दशरथ सिंह बताते हैं कि पीलिया में मरीज को पीला पेशाब आता है और उसके नाखून, त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। बेहद कमजोरी, जी मचलाना, बुखार, वजन में कमी, मतली, हल्के रंग का मल, पेट दर्द, भूख न लगना आदि परेशानियां भी रहने लगती हैं। कुछ मामलों में शरीर में भयानक खुजली हो जाती है। इस रोग से बचने के लिए साफ और स्वच्छ पानी पिएं और संतुलित आहार लें।

### गर्मी में गांवों में फैलते हैं संक्रामक रोग

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि संक्रमित पानी या खाने और गंदगी से गांवों में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है। गांवों में सबसे ज्यादा टाइफाइड बुखार फैलता है। इस बीमारी में 104 डिग्री फारेनहाइट से ज्यादा बुखार हो जाता है। भूख कम लगना, सिर दर्द रहना, शरीर में दर्द, आलस्य और दस्त होना शामिल हैं। इस बीमारी में कई लोगों को छाती में कफ जम जाता है। पेट में दर्द भी रहता है। यह रोग आंतों, दिल, फेफड़ों, गुर्दे और मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डाल सकता है।

### सूर्यास्त होने से पहले थमा कुर्बानी का सिलसिला

**रामपुर, अमृत विचार :** सुन्नते इब्राहीमी यानी कुर्बानी का सिलसिला बुधवार को तीसरे दिन तुलू-ए-आफताब ( सूर्योदय) से शुरू हो गया। जो शाम तक चलता रहा। कुर्बानी का सिलसिला तीसरे दिन गुरुबे आफताब (सूर्यास्त) से पहले थम गया। तीन दिन बाद कुर्बानी का सिलसिला थमने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने कहा कि कुर्बानी अल्लाह को खुश करने के लिए की जाए। जब कुर्बानी की पहली बूंद जमीन पर गिरती है तो कुर्बानी करने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। कुर्बानी का गोश्त गरीबों और मिस्कीनों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम किया जाना चाहिए। ईद उल अजहा की खुशियां दूसरों के साथ साझा की जाएं। तीसरे दिन भी कुर्बानी का गोश्त गरीबों और जरूरतमंदों में तकसीम किया गया ।



पुलिस अधीक्षक से बातचीत करते व्यापारीनेता शैलेंद्र शर्मा। ● अमृत विचार

## व्यापारियों ने पुलिसकर्मियों को पिलाया ठंडा पानी, शर्बत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने अपने साथियों के साथ नगर व सिविल लाइंस के विभिन्न स्थानों पर ट्रैफिक कर्मियों, सिपाहियों एवं होमगाड्र्स को शर्बत, जलजीरा और शीतल जल की बोतलें बांटी।

जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापार मंडल के साथियों ने टीम भावना के साथ अपनी गाड़ियों में शर्बत, पानी एवं जलजीरे की बोतलें रखकर बाजार नसरुल्लाह खां चौराहा, शहर कोतवाली ईदगाह गेट, डायमंड रोड, स्टार चौराहा, आवास विकास चौराहा, राधा रोड चौराहा, नया रोडवेज, माल गोदाम चौराहा, रेलवे स्टेशन, थाना सिविल लाइंन, आंबेडकर पार्क, कलेक्टर आवास चौराहा, सूरज सिनेमा चौराहा, गांधी समाधि, नवाब गेट, राजद्वारा चौराहा पर ड्यूटी कर रहे सभी पुलिस कर्मियों, अधिकारियों को शर्बत पिलाया।




**आज का मौसम**

आसमान में बादल रहने और हल्की बूंदाबांदी का अनुमान।

42.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:15

**एक नजर**

## प्रधान की सुपुर्दगी में बाइक देकर भूली पुलिस

**मसवासी, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में बाइक देकर पुलिस भूल गई है। घटना को दो माह बीत चुके हैं। बाइक अभी भी प्रधान के घर खड़ी है। गांव करीमपुर में दो माह पहले पुलिस ने गांव के बाहरी छोर पर बाइक लावारिस हालत में बरामद की थी। ग्रामीणों से बाइक के बारे में जानकारी की गई लेकिन किसी ने भी कोई ठोस सूचना नहीं दी। बताते हैं कि पुलिस ने बाइक ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार उर्फ बॉबी की सुपुर्दगी में दे दी थी। पुलिस बाइक को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में देकर भूल गई है। बाइक को अपनाने के लिए कोई नहीं आया है। जिसके बाद से बाइक अभी भी प्रधान के घर खड़ी है।

# लुटेरों का पीछा करते समय खंभे से टकराई बाइक, किशोर की मौत

## पिता घायल, दो हजार रुपये लूट कर भागे थे आरोपी

संवाददाता, स्वार



घायल प्रेमसिंह से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बाइक सवार लुटेरों ने ओवरटेक कर पिता और पुत्र की बाइक को रोक लिया। इसके बाद उनसे दो हजार रुपये की नकदी लूट कर फरार होने लगे। तभी पिता-पुत्र ने बदमाशों का पीछा किया। इस दौरान पिता-पुत्र की बाइक सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। इससे 16 वर्षीय पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भर्ती कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।



मंगलवार रात नौ बजे थाना अजीमनगर के भोट बक्काल का मझरा कुंडे की मंडिया निवासी प्रेम सिंह बाइक से अपने पुत्र हिमांशु (16) के साथ स्वार खरीदारी करने आ रहे थे। जैसे ही बाइक सवार पिता-पुत्र स्वार रामपुर मार्ग स्थित गांव खेमपुर रसूलपुर के बीच पहुंचे तो बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक को रोक लिया। पिता-पुत्र से दो हजार रुपये की नकदी लूट कर भागने लगे। तो पिता-पुत्र ने बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। रसूलपुर के निकट पिता पुत्र की तेज रफ्तार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंभे से जा टकराई। उससे हिमांशु की मौके पर मौत हो गई। पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर राहगीरों एवं ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्रेम सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## नायब तहसीलदार पर हमले के आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**मसवासी, अमृत विचारः** नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह पर जानलेवा हमले के आरोपी एक सप्ताह बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। हांलांकि पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। नायब तहसीलदार के हमलावरों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

11 जून को खनन लदे डंपर की टक्कर से नगर निवासी ई-रिक्शा चालक बृज किशोर दिवाकर के दोनों पैर कट गए थे। इसके विरोध में लोग पुलिस-प्रशासन पर खनन को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए स्वार-काशीपुर मुख्य मार्ग अवरुद्ध कर धरने पर बैठ गए थे। घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाने की कोशिश की तो भीड़ ने पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई कर दी थी। इस मामले में 13 जून को नायब तहसीलदार ने चेयरमैन दिनेश गोयल सहित 80 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ में स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बावजूद अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

# हादसे में दो किसानों की जान गई

संवाददाता, भोट



केवलराम।



नारायणदास।

- नेशनल हाइवे पर पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा आरोपी चालक हुआ फरार

**अमृत विचारः** नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो किसानों की मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना के बाद रोते-बिलखते परिजन जिला चिकित्सालय पहुंचे। देर शाम तक मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

बुधवार सुबह मिलक खानम थाना क्षेत्र के महुनागर का मझरा उस्मानगंज निवासी केवलराम अपनी पत्नी किशोरी के साथ केमरी थाना क्षेत्र के रामनगलिया गांव निवासी नारायण दास की बाइक पर बैठकर भोट थाना क्षेत्र के देवरनिया शर्की गांव में अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। नेशनल हाइवे पर भोट कस्बे में ही एक पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला समेत तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक घायलों को रोड पर ही घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गईं। तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां उपचार के दौरान केवलराम (66) व नारायण दास (60) की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के बाद तीनों घायलों को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय भिजवाया गया था। जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत की सूचना मिली है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हादसे के बाद मौके से फरार हुए ट्रैक्टर चालक को तलाश किया जा रहा है। दोनों मृतक किसान बताए गए हैं। दोनों किसानों की मौत से परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

## टेंपो की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल

**स्वार, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार व्यक्ति को टेंपो ने टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। नगर के व्यस्तम इलाकों में टेंपो बेतरतीब दौड़ रहे हैं। जगह-जगह सड़क पर खड़ी सवारियों को टेंपो में भूसे की तरह भर रहे हैं। इसके चलते हादसे हो रहे हैं। प्रशासन ने हादसों को रोकने के लिए टेंपो चालको को बिजली घर के निकट खड़ा करने के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद भी चालक मानने को तैयार नहीं हैं। तहसील बिलासपुर के ईसा नगर निवासी दूला बुधवार को बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में गांव समोदिया जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार नगर के मुख्य चौराहे के निकट पहुंचा। तेजगति से आ रहे टेंपो चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# इक्का गिरोह के सदस्यों की धरपकड़ पुलिस ने की तेज

संवाददाता, स्वार

- क्रिकेट खेलते समय विवाद के बाद युवक का अपहरण करने का किया गया था प्रयास

**अमृत विचारः** क्रिकेट खेलते समय विवाद होने पर इक्का गिरोह के सदस्यों ने कार में युवक को डालकर ले जाने का प्रयास किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर इक्का गिरोह के तीन सदस्यों का शांति भंग में चालान किया था, लेकिन पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज न कर दूसरे दिन इक्का गिरोह के सदस्यों की धरपकड़ के लिए दबिशें दीं। लेकिन कोई भी हत्थे नहीं चढ़ सका।

कई गांवों के युवकों ने इक्का गैंग के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बना रखा है। अगर ग्रुप के किसी भी सदस्य से कोई भी बात हो जाती है तो गैंग के सदस्य ग्रुप पर संदेश डाल देता है। जिस पर गैंग के सदस्य एकत्र होकर मौके पर पहुंच जाते हैं। परिणाम भुगतने की धमकी देते हैं। सोमवार को नगर के मोहल्ला काशीपुर निवासी अयान क्रिकेट खेलने नगर से सटे गांव जालफनगला गया था। जहां क्रिकेट खेलते समय इक्का गैंग के सदस्य से कहासुनी हो गई थी। रात आठ बजे गैंग के सदस्य धारदार हथियार के साथ स्कार्पियो से युवक के घर पहुंचे थे। युवक को घर से खींचकर स्कार्पियो में बैठाने का प्रयास किया था। अपहरण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। इससे पहले इक्का गैंग से लोगों ने युवक को छुड़ाया था। पीड़ित युवक के पिता ने चार को नामजद कर 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बुधवार को पुलिस ने इक्का गैंग के सदस्यों की धरपकड़ के लिए कई जगह दबिश दी, लेकिन कोई भी गैंग का सदस्य पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका।

# थाने में अमरोहा के मुख्य आरक्षी की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मुख्य आरक्षी को कांधा देते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सिविल लाइन थाने में तैनात अमरोहा के मुख्य आरक्षी की संदिग्ध हालात में मौत गई। सिविल लाइन इंस्पेक्टर और आला अधिकारियों ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मुख्य आरक्षी को श्रद्धांजलि दी।



जिला अमरोहा के गांव कामाख्या निवासी अमित कुमार (35) वर्ष 2016 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। एक साल से उनकी तैनाती पुलिस लाइन में चल रही थी। ढाई माह पहले अमित की तैनाती सिविल लाइन थाने में हो गई थी। तभी से थाने के पीछे बने कमरे में वह रह रहे थे। बुधवार सुबह किसी सिपाही ने कमरे पर जाकर अमित को आवाज दी। कमरे से बाहर नहीं आने पर उसने अधिकारियों को इस बात की जानकारी दी। सूचना के बाद सिविल लाइन इंस्पेक्टर मुख्य आरक्षी के कमरे पर पहुंच गए। मुख्य आरक्षी को बेहोश हालत में जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद मामले की जानकारी परिजनों को दी। वह लोग भी आ गए। मृतक के पास एक बेटा और एक बेटी हैं। दोनों ही गांव में अपने परिजनों के साथ रह रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव को पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अमित कुमार को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा कर्मचारियों ने भी श्रद्धांजलि दी।

> सुबह कमरे में मुख्य आरक्षी मृत अवस्था में मिला था। पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह साफ हो सकेगी। दो माह पहले ही सिविल लाइन थाने में वह आया था।
> –अजय मिश्रा, प्रभारी थाना सिविल लाइन

# घर में घुसकर प्रधान के भाई और दो भतीजों पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, स्वार

- गांव आरसल पारसल के मझरा हसन की घटना, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप

**अमृत विचारः** बच्चों के विवाद में लोगों ने प्रधान के भाई के घर धावा बोल दिया। इस दौरान पथराव हुआ। इसमें प्रधान के भाई और दो भतीजे घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक घायल की हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव आरसल पारसल के मझरा हसन के प्रधान के भतीजे तौसीफ अहमद अंसारी व गांव के ही इस्तेकार अली के बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। जब बच्चों ने घर जाकर बताया तो इस्तेकार अली, इकरार अली, मंसूर अली और बाबू लाठी डंडे व धारदार हथियार लेकर प्रधान के भाई छुट्टन के घर धावा बोल दिया। तौसीफ अंसारी व रेहान अंसारी को मारा पीटा। बीच बचाव कराने आए छुट्टन के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बाद में जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घर की छत पर चढ़कर आरोपियों ने ईंट-पत्थरों से प्रधान के भाई के घर पर पथराव किया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने छुट्टन की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि प्रधान के भाई रऊफ ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जुट गई है।

## 20 को प्रशासन के खिलाफ गरजेंगे बजरंग दल कार्यकर्ता

**मसवासी, अमृत विचारः** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल ने 20 जून को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तय की है। बजरंग दल कार्यकर्ता हादसे के दौरान दर्ज हुए झूठे मुकदमें वापस लेने की मांग करेंगे।

बजरंग दल के स्वार प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन कुमार गुप्ता ने नो एंट्री में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने, ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने, नो एंट्री सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक करने, मसवासी के मुख्य मार्ग से रेत के ओवर लोड वाहन न निकलवाए जाएं। अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ता गुरुवार सुबह दस बजे प्रशासन के खिलाफ अस्पताल परिसर में आंदोलन करेंगे।जिला प्रशासन को संबोधित ज्ञापन भी अधिकारियों को दिया जाएगा।

**गर्मी का प्रभाव** | जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में दो दिन में 36 बच्चे हो चुके हैं भर्ती, 851 रोगियों की हुई ओपीडी

# भीषण गर्मी में डायरिया की चपेट में आ रहे बच्चे, शरीर में पानी की हो रही कमी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला अस्पताल में डायरिया वार्ड में भर्ती रोगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों में ज्यादातर बच्चे हैं। इस वार्ड में दो दिन में 36 बच्चे भर्ती हो चुके हैं।

शासन की गाइडलाइन के अनुसार जिला अस्पताल समेत सभी सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोल्ड रूम बनाए गए हैं। जिला अस्पताल में हर वर्ष गर्मियों में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ती है। डायरिया वार्ड भी बनाया गया है। डायरिया के मरीजों के लिए दवाएं, इलेक्ट्राल और ड्रिप बोतल आदि पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई है। दो माह से डायरिया वार्ड में मरीज भर्ती हो रहे हैं। इन दिनों रोजाना 40-50 मरीज भर्ती हो रहे हैं। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में 851 रोगियों की ओपीडी हुई। जिसमें फिजिशियन डॉ. दशरथ सिंह, चेस्ट फिजिशियन डा. डीके वर्मा समेत दो अन्य चिकित्सक ने रोगियों को परामर्श दिया। जिससे ज्यादातर रोगी डायरिया के आए। जिनकी हालत गंभीर देख वार्ड में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन की ओर से रोगियों के 45 और बच्चों के लिए 15 बेड का वार्ड आरक्षित किया है। बाल रोग विशेषज्ञ युगल किशोर ने बताया कि गर्मी में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चे दिन भर भागते दौड़ते है, ऐसे में उन्हें पसीना अधिक आता है, जिससे शरीर में पानी की कमी होने लगती है। उन्हें पानी पिलाते रहें बीच-बीच में इलेक्ट्राल देते रहें। जिससे शरीर में नमक और पानी की कमी न हो। इसके अलावा खीरा, ककड़ी और तरबूज खिलाएं।

**ऐसे करें बचाव**

- बच्चों को धूप में बाहर लेकर न जाएं।
- बच्चों को घर का ताजा बना खाना ही खिलाएं।
- सफाई का विशेष तौर से ख्याल रखें।
- बच्चों के भोजन में मौसमी फल भी शामिल करें।
- डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पानी और जूस पिलाएं।



चिकित्सालय से बाहर आतीं एडी हेल्थ डॉ. रितु कात्याल। ● अमृत विचार

## 29 जून को एनक्वास टीम ने अस्पताल में देखीं व्यवस्थाएं

**रामपुर, अमृत विचार,** मुरादाबाद मंडल एडी हेल्थ डॉ. रितु कात्याल ने महिला चिकित्सालय में एनक्वास टीम के आने के बारे में जानकारी ली। इस पर एडी हेल्थ ने सीएमएस से तैयारी के बारे में पूछा। वह तीन घंटे तक चिकित्सालय में रुकीं। सीएमएस ने बताया कि 29 जून को टीम चिकित्सालय आएगी। यहां टीम मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का सत्यापन करेगी। 29 जून को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट टीम महिला चिकित्साल पहुंचेगी। यहां टीम डॉक्टरों, स्टॉफ कर रिकॉर्ड जांचेगी। स्टॉफ मरीजों के इलाज करने संबंधी सवाल पूछे जाएंगे। टीम के आगमन को लेकर बुधवार को एडी हेल्थ ने महिला चिकित्सालय पहुंचकर तैयारियों के बारे में सीएमएस से जानकारी ली। जिन्होंने डॉक्टरों, स्टॉफ और वार्ड ब्वायों की बैठक ली। जिसमें सभी को निर्देशित किया कि मरीजों को उपचार दिलाए जाने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं उनके आगमन को लेकर चिकित्सालय में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।



मानपुर तिराहे पर खनन लदे डंपर की टक्कर से गिरा संकेतक बोर्ड।

# डंपर की टक्कर से संकेतक बोर्ड गिरा, आवागमन अवरुद्ध

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचारः** खनन लदे ओवरलोड डंपर की टक्कर से संकेतक बोर्ड क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। इससे लोगों में भगदड़ मच गई। उधर, घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात पुलिस और राजस्व कर्मी की मौजूदगी में चालक डंपर लेकर फरार हो गया।

गांव मानपुर तिराहे पर राहगीरों के मार्ग निर्देशन के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से सांकेतिक बोर्ड लगाया गया था। बुधवार सुबह शिकारपुर की ओर से आए खनन लदे ओवरलोड डंपर ने सामने से संकेतक बोर्ड को टक्कर मार दी। इससे बोर्ड मार्ग पर गिर गया। ड्यूटी पर तैनात राजस्व कर्मी और पुलिस की मौजूदगी में चालक डंपर लेकर फरार हो गया। संकेतक बोर्ड के गिरने से कुछ देर के लिए स्वार-बाजपुर और दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। बाद में पुलिस ने लोगों की मदद से बोर्ड को बीच मार्ग से हटाकर वाहनों का आवागमन सुचारु कराया।

## एक नजर

### भाई को मृत दिखाकर बैंक से रुपये हड़पे, शिकायत

ओरछी (बदायूं), अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर अपना प्रतिष्ठान बंद करके चंदौसी स्थित घर लौट रहे व्यापारी को बाइक सवार तीन युवकों ने घेरकर मारपीट की। व्यापारी के सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया।

# तालाब पर अवैध कब्जा, लेखपाल निलंबित

## एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद की कार्रवाई, गांव की सड़कों पर हो रहा जलभराव

अमृत विचार
खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर



बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा में तालाब पर अवैध कब्जे की जांच करने गईं एसडीएम।

- ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची एसडीएम ,अवैध कब्जा हटवाने की तैयारी

अमृत विचार: बनियाखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव के तालाब पर कब्जे को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार की सुबह ही एसडीएम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मौके पर अवैध कब्जा पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए संबन्धित लेखपाल को निलंबित कर दिया और शीघ्र ही तालाब से अवैध कब्जा हटवा कर ग्रामीणों को जलभराव से निजात दिलाने के निर्देश दिए। बुधवार को अमृत विचार ने मामले को प्रमुखता से उठाते हुए खबर प्रकाशित की थी।

गांव बनियाखेड़ा के तालाब में गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा होता है, जबकि बरसात का पानी भी तालाब में जाता है। तालाब में पानी जाने के लिए नालियां भी बनाई गई हैं। पिछले कुछ समय पहले एक परिवार के लोगों ने दबंगई के चलते तालाब पर ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालकर पाटना शुरू कर दिया है। कुछ निर्माण भी करा लिया है। जिससे घरों से आ रहे गंदे पानी की निकासी बाधित हो गई है और गांव की सड़कों पर जलभराव हो रहा है। गांव की सड़कों पर जलभराव के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने दो दिन पहले एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन देकर तालाब से अवैध कब्जा हटवा कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की थी। घटना का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एसडीएम को निरीक्षण के लिए जाना था लेकिन ऑफिशियल कार्य की वजह से वह नहीं पहुंच सकीं। जिससे मौके पर एसडीएम का इंतजार कर रहे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोष जाहिर किया। बुधवार की सुबह एसडीएम गांव बनियाखेड़ा पहुंची और तालाब का निरीक्षण किया। ग्रामीणों के बयान भी लिए। तालाब पर अवैध कब्जा पाया । मामले में एसडीएम ने संबन्धित लेखपाल अनिल कुमार भदौरिया को निलंबित कर दिया ।




अमृत विचार के मंगलवार के अंक में छपी खबर।

"गांव बनियाखेड़ा के तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर निरीक्षण किया गया। मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। ग्रामीणों के बयान दर्ज किए गए हैं। तालाब पर अवैध निर्माण मिला है। जिससे संबन्धित लेखपाल को निलंबित कर कार्रवाई की गई है। अवैध कब्जे को शीघ्र ही हटवाया जाएगा।
-नीतू रानी, एसडीएम

### बाइकों की टक्कर में महिला समेत दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार :बहजोई थाना क्षेत्र में दो बाइकों की टक्कर में महिला समेत दो लोग घायल हो गए। जिला अस्पताल से गंभीर घायल महिला को रेफर किया गया। परिजनों ने महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

बदायूं जिले के थाना सहसवान अंतर्गत गांव चमरपुरा निवासी विजेंद्र की पत्नी शरबती अपनी बहन के घर असमोली थाना क्षेत्र के गांव हरथला आई थी। यहां से शरबती बेटे अंकित के साथ बाइक द्वारा वापस अपने गांव जा रही थी।

बुधवार को दोपहर करीब एक बजे बहजोई क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के पास पीछे से बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में शरबती के अलावा दूसरी बाइक पर सवार सरनाम सिंह पुत्र भामन सिंह निवासी बझेड़ा बहजोई घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने उपचार करते हुए शरबती को गंभीर हालत में रेफर कर दिया। परिजनों ने शरबती को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार चल रहा है।

सार-संक्षेप



देवी के जगराते में माता की भेंट सुनाता कलाकार। ● अमृत विचार

### देवी के जगराते में माता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में मंगलवार की रात मां चामुंडा देवी मंदिर पर 20वे देवी के विशाल जगराते का आयोजन किया गया। यह देवी जगराता गांव की सुख शांति एवं खुशहाली के लिए हर साल गांव में चंदा इकट्ठा करके किया जाता है। पंडित जोगेंद्र कुमार शर्मा ने माता रानी की ज्योत जलाई तथा भगवान गणेश व सरस्वती मां की वंदना की। इसके बाद में बाहर से आए कलाकारों ने माता रानी के भजन सुनाए। भजन के दौरान शिव-पार्वती स्वरुप में सजे कलाकारों ने नृत्य कर भक्ति का माहौल बना दिया। बालाजी महाराज की झांकी, शेरावाली माता की झांकी ने सभी को आकर्षित किया। तदोपरांत माता तारा रानी की कथा भी सुनाई गई। बुधवार की सुबह आरती के बाद हलवा व चना का प्रसाद वितरित किया गया।



बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

### निरोगी काया के लिए लोग कर रहे योगाभ्यास

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में योग सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक संजेश कुमार आर्या ने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कराया। साथ ही योग से दूर होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सदन के अध्यक्ष फूल प्रकाश वार्ष्णेय ने कहा कि सदन में वर्ष भर योग साधना का सत्र चलता रहता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग सप्ताह का आयोजन सुबह साढ़े पांच से सात बजे तक किया जा रहा है। 21 जून को मुख्य आयोजन होगा। सदन के व्यवस्थापक भुवनेश वार्ष्णेय ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. रत्नेश कुमार, विमल कुमार, कृष्ण अवतार, पवन कुमार, श्रीगोपाल, संजीव शर्मा, नरेश चंद्र, प्रदीप कुमार, विमला देवी आदि रहे।

### अवैध नशा मुक्ति केंद्रों को चिन्हित कर करें कार्रवाई

संभल/बहजोई,अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय एनकॉर्ड कमेटी की बैठक में जनपद के पुलिस विभाग एवं इंटेलिजेंस ब्यूरो तथा आबकारी विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए इंटेलिजेंस विकसित करने के निर्देश दिए। जनपद में अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्रों को चिन्हित करने के लिए भी अफसरों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा नशे की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने तथा नशा मुक्ति एवं नशे को न जीवन को हां से संबंधित शपथ भी दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ,उप जिलाधिकारी संभल विनय कुमार मिश्रा ,उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी ,क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी,डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा एवं आनंद कटारिया,जिला आबकारी अधिकारी अनुपम राजन ,जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक वर्ष 6 माह का कारावास

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अदालत ने दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार: न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी ने एनडीपीएस एक्ट के दोषी को एक वर्ष छह माह के कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। मामला 2021 का है।

पुलिस के अनुसार 11 नवंबर 2021 को थाना हयातनगर के उप निरीक्षक अजय कुमार टीम के साथ गश्त पर थे। यशोदा चौराहे से आगे मंडी किशनदास रोड पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस वालों को देख कर तेज कदमों से चलने लगा। शक होने पर व्यक्ति को रोक कर तलाशी ली तो 100 गोली एल्प्रोजोलम की बरामद कीं। पूछने पर व्यक्ति ने अपना नाम सहरोज पुत्र मो. अहमद निवासी गांव सिकंदरपुर थाना हयातनगर जिला संभल का बताया। पुलिस ने सहरोज के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था और साक्ष्यों को एकत्र कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बुधवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आरती फौजदार ने सहरोज को दोषी करार देते हुए एक वर्ष छह माह के कठोर कारावास और दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

अर्थदण्ड अदा न करने पर पंद्रह दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी। सजा कराए जाने में विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मौर्य, कोर्ट मोहर्रिर हेड कांस्टेबल सिचन कुमार पैरोकार हेड कांस्टेबल सत्यपाल सिंह का सहयोग रहा है।

### बाइक सवारों ने दुकानदार पर किया हमला, घायल

चंदौसी, अमृत विचार: बदायूं रोड स्थित पथरा मोड़ पर दुकान से घर लौट रहे बाइक सवार दुकानदार पर बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने डंडे से हमला किया। और फरार हो गए। पुलिस को तहरीर दी गई है।

मोहल्ला डहरिया निवासी पंचू गोपाल पुत्र स्व. विष्णु भगवान की बदायूं रोड स्थित औरछी चौराहा पर दुकान है। रोजाना तरह मंगलवार की शाम करीब 7:30 बजे पंचू गोपाल दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। बदायूं रोड स्थित गांव पथरा के निकट मोड़ पर पहुंचे ही थे। उसी समय पीछे से आ रही बाइक ने व्यापारी की बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। बाइक पर तीन लोग सवार थे। इससे पहले वह कुछ समझ पाते। बाइक सवारों ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। बाइक सवार हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। दुकानदार ने बताया कि दो दिन पहले भी उसे रास्ते में घेरने का प्रयास किया गया था।

# बाइक व पोल से टकराई पिकअप, 3 घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़



गांव कोकावास के निकट हाईटेंशन पोल से टकराई पिकअप। ● अमृत विचार

- पुलिस ने घायलों को सीएचसी चन्दौसी भेजा
- प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर किया

अमृत विचार: थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव चन्दौसी मार्ग स्थित गांव कोकावास के निकट बुधवार की सुबह बाइक से टकराकर पिकअप सड़क किनारे हाईटेंशन लाइन के पोल में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को सीएचसी चन्दौसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी पप्पू पुत्र मस्तराम के चचेरे भाई पुष्पेंद्र की गुरुवार को बरात जानी है। हादसा बुधवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे उस समय हुआ जब पप्पू अपने पिता मस्तराम पुत्र रामचंदर व मामा रूपराम पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी गांव बझेड़ा थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं के साथ बाइक से चन्दौसी मटर व कपड़े आदि सामान खरीदने आ रहा था। गांव कोकावास के निकट पहुंचे ही थे। उसी समय चन्दौसी की ओर से आ रही मैंथा ऑयल के ड्रम से लदी पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे हाईटेंशन लाइन के पोल में जा घुसी। जिसके कारण सीमेंट का पोल नीचे आ गिरा।

गनीमत रही शाहबाद की ओर से आ रही हाईटेंशन लाइन अभी चालू नहीं हुई है। जिससे बड़ा हादस टल गया।

# कांग्रेसियों ने पौधरोपण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, संभल



राहुल गांधी के जन्मदिन पर पौधरोपण करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



गुन्नौर में मुहब्बत का शर्बत बांटते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कांग्रेस नेता ने जनमानस के बीच उतरकर मेहनत की और देश की राजनीति को बदला
- कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना की

अमृत विचार :उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। कांग्रेसियों ने पौधरोपण करते हुए राहुल गांधी को आगामी जननायक बताया।

शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता आलम सराय स्थित कार्यालय पर जुटे। कार्यालय के बाहर परिसर में पौधरोपण करते हुए कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना की। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी देश के आगामी जननायक हैं। 2024 के चुनाव में राहुल गांधी की रणनीति दूरदर्शिता और जनमानस के बीच उतरकर उनकी मेहनत ने देश की राजनीति को बदला है। नफरत को कमजोर कर मुहब्बत के पौधे को बड़ा करना प्रारंभ कर दिया है।

इस दौरान आरिफ तनवीर, डॉ.सलाहुद्दीन, अकील अहमद, मुअज्जम हुसैन, खदीजा बेगम, तहसीन अली, डॉ. मरगूब आलम, रईस मसूदी, दिनेश कुमार, गुलशन सिंह आदि रहे।

### केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

संभल अमृत विचार : कांग्रेस नेता हाजी आरिफ तुर्की के आवास पर राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी की लंबी आयु की कामना की। कहा कि राहुल गांधी देश के जननायक, युवाओं, नौजवानों, किसानों, दलित, पिछड़ा, महिलाओं और अल्पसंख्यकों की धड़कन हैं। इस दौरान साजिद हुसैन, आदि रहे।

### कांग्रेसियों ने बांटा मुहब्बत का शर्बत

गुन्नौर, अमृत विचार :कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन छोटे बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया। कांग्रेसियों ने राहगीरों को मुहब्बत के शर्बत का वितरण किया। राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरु चौराहे पर मुहब्बत का शर्बत बांटा। मासूम बच्चों की भीड़ में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया और उनके स्वस्थ, दीर्घ जीवन की कामना की। इस दौरान कसीम खान, मजहर खान, साकिब खान, मुबीन अली, बिलाल अली, जैद, अब्दुल्लाह काजी, कैफ खान, शानू खान, रिहान अंसारी, तरुण यादव, भूपेंद्र आदि रहे।

### कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम....

चन्दौसी, अमृत विचार: स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से बुधवार को शक्तिनगर स्थित प्रदीप वार्ष्णेय के आवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया।

सर्वप्रथम पं. दीनदयाल शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर देवी देवताओं का आह्वान किया। तत्पश्चात केजी शर्मा, अजय सक्सेना, राजेश शंखधार, गुलशन अरोरा ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण और सुंदरकांड की चौपाईयों का लयवद्ध मनोहारी वाचन किया।

तदोपरांत भजनों की छटा बिखरी। केजी शर्मा ने कीजो केसरी के लाल मेरा छोटा सा यह काम, मेरी राम जी से राम-राम कह देना जय श्री राम, मीनाक्षी पाण्डेय ने राम को देख कर मां जनकनन्दिनी बाग में खड़ी की खड़ी रह गईं आदि भजन सुना कर माहौल भक्तिमय कर दिया।

आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ब्रजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, टीसी शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, मीनाक्षी पाण्डेय, सुच्चा शर्मा, राकेश चौबे समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

कार्यालय ग्राम पंचायत धतराशेख, वि0खण्ड, बहजोई, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक:- 19/06/2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धतराशेख वि०ख० बहजोई जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 20/06/2024 से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 27/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 12.30 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेंगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी. | |
| 3 | बजरफुट | घन मी. | |
| 4 | 20 एम0एम0 बजरी | घन मी. | |
| 5 | 40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट | घन मी. | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद | प्रति नग (एक) | |
| 9 | सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन | प्रति नग (एक) | |
| 10 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | फर्श टाइल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 13 | लोहे का जाल | प्रति कुन्टल | |
| 14 | मिट्टी-दूरी सहित | प्रति घनमीटर | |
| 15 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 16 | बाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | दीवार पुताई/समोशम 2 कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 18 | इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर | प्रति नग | |
| 19 | सैनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 20 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 21 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति किग्रा. | |
| 22 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा. | |
| 23 | फर्नीचर/बेंच | प्रति नग | |
| 24 | सी0सी0 बेंच | प्रति नग | |
| 25 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 26 | स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट | प्रति नग | |
| 27 | वारवेट वायर | प्रति मीटर | |
| 28 | फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 29 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 30 | प्राईमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 31 | शौचालय शीट | प्रति नग | |
| 32 | हैण्डपम्प मरम्मत पिलर | नग/फीट | |
| 33 | आर0सी0सी0 पीलर | नग/बैग | |
| 34 | बालपुट्टी | बैग | |
| 35 | पी0वी0सी0 पाईप | मीटर | |
| 36 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 लीटर | |
| 37 | 32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु | प्रतिफिट | |
| 38 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/फीट | |
| 39 | लोहे का गेट | प्रति कुन्तल | |
| 40 | आर्यन सीट/Roof सीट | प्रति किलो. | |
| 41 | माईका सीट | प्रति नग | |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धतराशेख
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत धतराशेख
वि0ख0 बहजोई, जनपद सम्भल



बहजोई में अधिकारियों के साथ योग कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

# योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: डीएम ने दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। योग दिवस को उत्साह के साथ मनाने के लिए जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम बहजोई चंदौसी रोड़ स्थित शशि मदान पब्लिक स्कूल में प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योग शिविर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

डीएम ने कार्यक्रम के लिए टैंट, मंच व्यवस्था, फ्लेक्स, साउंड सिस्टम एवं अन्य व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। शिक्षा विभाग बेसिक एवं माध्यमिक, स्वास्थ्य विभाग एनआरएलएम, पूर्ति विभाग ,नगर पालिका चंदौसी आदि को व्यवस्थाओं तथा आयुष विभाग को योग प्रशिक्षक के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जिला स्तरीय योग शिविर कार्यक्रम में एक कैम्प लगाना सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, एएसपी अनुकृति शर्मा, सीएमओ डा. तरन्नुम रजा, डीडीओ राम आशीष एसडीम चंदौसी नीतू रानी, डीआईओएस वेदराम, डीआईओ बृजेश कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी डा. प्रवीण कुमार शर्मा,अपर जिला पंचायत राज अधिकारी सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

अनदेखी

अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

# धीमी गति से हो रहा ओवरब्रिज निर्माण, व्यापारियों में रोष

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते युवा व्यापारी। ● अमृत विचार

- सप्ताह भर में भी नहीं पहुंची निर्माण सामग्री

अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को उपजिलाधिकारी नीतू रानी से मिला और ओवरब्रिज निर्माण कार्य की गति धीमी से होने पर रोष व्यक्त किया। साथ ही एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।

नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि जब तहसील में सेतु निगम के जिम्मेदार अधिकारी ने लिखित तौर पर तीन दिन का समय मांगा था। कहा कि तीन दिन में ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। सप्ताह भर से अधिक समय हो गया। अभी तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ है। छिटपुट निर्माण सामग्री ही आ रही है। जनता के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है। अगर ऐसे ही सेतु निगम में मनमानी चलती रही तो जनता इनको सबक सिखाना भी जानती है।

तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य तेजी से शुरू किया जाए। प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी ने कहा कि शहर की प्रमुख समस्या 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का शिलान्यास होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ। जबकि निर्माण पूरा करने की अवधि 12 महीने की है। चार महीने निकल जाने के बाद अभी तक सभी कार्य कागजों पर ही हुए हैं। 10 दिन के अंदर निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ तो शहर की जनता को साथ लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सभासद अन्ना खान, सभासद नवकान्त शर्मा, इरफान मंसूरी, अतुल कश्यप, आशीष तूफानी, मनोज कुमार, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान्स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# ऊर्जा बदलाव की प्रगति

भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के मामले में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के बुधवार को जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। हालांकि इस सूचकांक में यूरोपीय देशों का दबदबा है। स्वीडन सूचकांक में शीर्ष पर है। सूचकांक में भारत और कुछ अन्य विकासशील देशों मसलन चीन तथा ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है, क्योंकि 83 प्रतिशत देश पिछले साल की तुलना में कम से कम तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयामों - सुरक्षा, समानता और स्थिरता में पिछड़ गए हैं। ऊर्जा संक्रमण को समझने के लिए समग्र सूचकांक एक उपयोगी उपकरण है। सूचकांक में भारत को प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में दर्शाया गया है। गौरतलब है कि डब्ल्यूईएफ वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग जगत की परियोजनाओं को आकार देने के लिए व्यापारिक, राजनीतिक, शिक्षा क्षेत्र और समाज के अन्य प्रतिनिधियों को शामिल करके विश्व की स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। डब्ल्यूईएफ ने पिछले वर्ष अपने सूचकांक में भारत को विश्व स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा था। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर, अधिक न्यायसंगत, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली में ऊर्जा संक्रमण अभी भी प्रगति पर है, लेकिन दुनिया भर में बढ़ती अनिश्चितता के कारण इसकी गति कम हो गई है। जबकि रिपोर्ट में शामिल किए गए 120 देशों में से 107 ने पिछले दशक में अपनी ऊर्जा संक्रमण यात्रा पर प्रगति का प्रदर्शन किया, संक्रमण की समग्र गति धीमी हो गई है और इसके विभिन्न पहलुओं को संतुलित करना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है।

वैश्विक ऊर्जा प्रणाली वर्तमान में एक मौलिक परिवर्तन से गुजर रही है, जो तकनीकी नवाचार, जलवायु परिवर्तन शमन नीतियों और भू-राजनीतिक विकास जैसे कारकों से प्रेरित है। ऊर्जा बदलाव का क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को हमेशा के लिए मौलिक रूप से बदल देगा। 2023 में वैश्विक ऊर्जा बदलाव बाजार का मूल्य लगभग 3,000 अरब डॉलर था, जो बढ़कर 2030 तक 6,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। उसके बाद 2050 तक यह हर 10 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत के सफल ऊर्जा संक्रमण के लिए एक कुशल कार्यबल का निर्माण, सार्वजनिक-निजी सहयोग को बढ़ावा देने के साथ कार्बन न्यून प्रौद्योगिकी अनुसंधान तथा विकास में निवेश करना आवश्यक है। अडाणी समूह ने अगले दशक में ऊर्जा बदलाव के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करने की घोषणा की है। समूह अपनी एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला का और विस्तार करेगा। ऊर्जा संक्रमण एक महत्वपूर्ण नीतिगत चुनौती और व्यावसायिक जोखिम के रूप में उभरा है और ऊर्जा संक्रमण की प्रगति पर पारदर्शिता और तथ्य-आधारित समझ बढ़ाने की आवश्यकता है।

# दलहन उत्पादन में भी क्रांति की आवश्यकता



डॉ. अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हरित क्रांति ने जहां एक ओर भारत को गेहूं धान सदृश खाद्य पदार्थों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर खाद्य संकट से उबारने का काम किया, वहीं दूसरी ओर इसने एक महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ दलहन की उपेक्षा कर इसमें देश को बहुत पीछे कर दिया। वस्तुतः हरित क्रांति के संकर बीजों, रासायनिक खाद, कीटनाशक जहर व खरपतवार नाशी संसाधनों ने स्वावलंबी घर की खेती को न सिर्फ बिगाड़ दिया, बल्कि इससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य भी बिगड़ा। आम भारतीयों की थाली से दाल दूर होती चली गई।

वर्ष 1961 में कुल भारतीय खेती में दलहन की खेती की हिस्सेदारी जो 17 प्रतिशत थी, वर्ष 2009 में घटकर सात प्रतिशत मात्र रह गई। असल में विभिन्न महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर दालें कुपोषण दूर करने में सहायता करती हैं। भारत, जहां कुपोषित बच्चों की संख्या अत्यधिक है, वहां इससे लड़ने में दालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चावल और गेहूं जैसे सामान्य अनाज की तुलना में दालों में प्रति ग्राम औसतन दो से तीन गुना प्रोटीन होता है। इसके अतिरिक्त दालों की खेती फसल चक्र (क्रॉप रोटेशन) के जरिए जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायता देती है तथा लचीली और पारिस्थितिक रूप से संतुलित कृषि इकोसिस्टम को बढ़ावा देती है। आज भारत विश्व में भले ही दालों का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया हो, फिर भी सबसे बड़ा उपभोक्ता और आयातक भी बना हुआ है। यह वैश्विक उत्पादन का 25 प्रतिशत, वैश्विक खपत का 27 प्रतिशत तथा वैश्विक आयात का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करता है। वर्तमान में फिर से दलहन उत्पादक क्षेत्रों की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत है और देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन में इसका योगदान लगभग 7-10 प्रतिशत है।

हरित क्रांति के दौर में दाल के क्षेत्र में गहन शोध, अनुसंधान की कमी के कारण उत्पादकता में वृद्धि नहीं हो पाई। वर्ष 1951 में कुल दालों की उपज 441 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, जो करीब 70 वर्षों बाद 757 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पहुंच पाई है। 1951 से 2008 तक दालों के उत्पादन में केवल 45 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई, जबकि दूसरी ओर गेहूं का उत्पादन 320 प्रतिशत और चावल का उत्पादन 230 प्रतिशत बढ़ा है। केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1951 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्धता 60.7 ग्राम थी, जो 2020 में घटकर सिर्फ 47.9 ग्राम रह गई है। राष्ट्रीय कृषि आयोग ने संतुलित आहार में रोजाना 70 ग्राम दाल प्रति व्यक्ति उपलब्ध होने की सिफारिश की थी, लेकिन वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दालों की उपलब्धता महज 55 ग्राम है।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं।

वर्ष 1947 में भारत में दलहन का क्षेत्र गेहूं से भी अधिक हुआ करता था। वर्ष 1972-73 तक गेहूं का क्षेत्रफल लगभग दुगुना हो गया, जबकि दलहन फसलों के क्षेत्रफल में मामूली सी वृद्धि हुई। साठ के दशक से वर्ष 2015-16 तक दलहन फसलों का क्षेत्रफल लगभग स्थिर रहा। वर्ष 1959-60 में भारत में 24.83 मिलियन हेक्टेयर में दलहन फसलों की खेती होती थी। वर्ष 2015-16 में भी इसका एरिया सिर्फ 24.91 मिलियन हेक्टेयर तक ही सीमित रहा। एक ओर दलहन फसलों की खेती नहीं बढ़ी तो दूसरी तरफ हमारे वैज्ञानिक अधिक उत्पादन देने वाली किस्में बनाने में असफल रहे। इससे दालों की मांग और आपूर्ति में काफी अंतर आ गया।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार धान की खेती वाले इलाके 34 प्रतिशत और अरहर की खेती वाले इलाके 65 प्रतिशत कम हो गए हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 1951 में दालों की उपलब्धता प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 22.1 किलोग्राम की उपलब्धता थी, जो वर्ष 2021 में घटकर 16.4 किलोग्राम रह गई। वर्ष 1990 में गंगा के मैदानी भागों के किसानों ने दलहन के बजाए दूसरी फसलों का रुख किया था। उत्तर भारत के प्रमुख दाल उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब के किसानों ने पानी और सिंचाई की बेहतर व्यवस्था होते ही दूसरी फसलों का उत्पादन शुरू कर दिया जिसके चलते दालों की खेती मध्य और दक्षिण भारत की ओर शिफ्ट कर गई।

उत्तर प्रदेश का सूखा प्रभावित क्षेत्र बुंदेलखंड दलहन की खेती के लिए प्रसिद्ध रहा है, लेकिन यहां के किसान दालों के बदले अधिक पानी की खपत वाली गेहूं की फसल को महत्व देने लगे हैं। इस क्षेत्र में आवारा पशुओं (अन्ना पशु) के द्वारा किए जा रहे नुकसान के चलते किसान दालों की खेती से बचते हैं। पानी की अत्यल्पता के बावजूद जिन क्षेत्रों में नहरों से पानी की व्यवस्था हो जा रही है, गेंहू और धान उपजाने में लग गए हैं। महाराष्ट्र जैसे दाल उत्पादक राज्य में अब रबी और खरीफ के सीजन के बीच के समय में उगाई जाने वाली मूंग और उड़द की जगह सोयाबीन ने ले ली है। खरीफ मौसम के प्रारंभ में ही देश के कई हिस्सों में बाढ़-सुखा एवं असामान्य वर्षा ने पहले ही दाल की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाता है।

देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीज उत्पादन और वितरण, उन्नत कृषि मशीनरी और संसाधन, कुशल जलप्रयोग उपकरण, पौधों के संरक्षण उपाय, भूमि में पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा सुधारक उपाय, प्रसंस्करण और कटाई के बाद के उपकरण, फसल प्रणाली आधारित प्रशिक्षण इत्यादि के माध्यम से किसानों को शिक्षित प्रशिक्षित कर रही है। किसानों को मुफ्त में बीज मिनीकिट के रूप में दालों की अधिक उपज देने वाली किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं। भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान से दालों पर अधिक खोज को बढ़ावा देने और पूरे भारत में दाल उत्पादन के लिए विशिष्ट कृषि-जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली है। दालों के लिए 150 बीज केंद्रों की स्थापना की गई।

वर्ष 2014 से 2023 की अवधि के दौरान देश भर में व्यावसायिक खेती के लिए दालों की प्रभावशाली 343 उच्च उपज वाली किस्मों और संकर/हाइब्रिड को आधिकारिक मान्यता दी गई है। अपने अथक प्रयासों के चलते भारत पिछले एक दशक में दालों के उत्पादन को बढ़ाने में सफल रहा है। इसके पीछे बेहतर तकनीक और उत्पादन प्रणाली तथा दालों के उत्पादन को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के कारण संभव हुआ है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्धशुष्क उष्ण कटिबंधों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान के बीच साझेदारी से अरहर और चना की उच्च उपज वाली फसलों को विकसित करने में मदद मिली है। दक्षिण भारत और मध्य भारत ने दलहन का क्षेत्रफल बढ़ाकर चने के उत्पादन की दुनिया को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले पांच वर्षों में कुल दालों के उत्पादन में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में दालों के प्रमुख उत्पादक छह राज्य हैं जिनमें मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों की दालों के कुल उत्पादन में 80 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। दालों में चना की लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के बाद सबसे ज्यादा हिस्सेदारी खरीफ में अरहर और उड़द की है। मूंग और मसूर की उपज देश में बेहद कम है। हालांकि दालें खरीफ और रबी दोनों सीजन में उगाई जाती हैं, दालों के कुल उत्पादन में रबी सीजन में उत्पादित दालों का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार अधिक क्षेत्रफल के कारण भारत वर्ष 2023-24 फसल वर्ष में मसूर का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन जाएगा। निश्चित रूप से भारत को दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, पीली क्रांति, श्वेत क्रांति सदृश एक क्रांति की आवश्यकता है, जो न केवल जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संरक्षण के साथ साथ देश के आर्थिक संसाधनों के पर बोझ भी कम करें।

## प्रसंगवश

# आखिर खुशी है क्या

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

बहुत अजीब शै है ये इंसान भी। सारा जीवन मृग मरीचिका में फंसे प्यासे मृग के समान ही काट देता है। इस इंसान रूपी मृग की प्यास पानी नहीं, बल्कि खुशी है। सारा जीवन इसी खुशी की तलाश में भटकता रहता है। मैं जब छोटा बच्चा था तो अपने से बड़ों को तैयार होकर स्कूल जाते देखता था तो जिद करता था उनके साथ स्कूल जाने की। सोचता था वहां बहुत मजा आएगा।

शुरू-शुरू में मजा आया भी, लेकिन फिर स्कूल एक कैदखाना लगने लगा और घर आजादी। सोचा हाईस्कूल में मजा आएगा जहां अनुशासन इतना कठोर नहीं होगा, लेकिन वहां की बोझिल पढ़ाई और डबल बोझिल पढ़ाई के तरीके से दुखी हो गया। अब लगने लगा कि असली मजा तो कॉलेज में है। न किताबों का भारी बोझ, न स्कूल ड्रेस पहनने की झिकझिक और क्लास बंक करने की भी आजादी। कहां इस हाईस्कूल में फंसा हुआ हूं? एक बड़े बच्चे को भी थोड़ी ज्यादा आजादी तो मिलनी ही चाहिए। आखिर आजादी भी मिल गई। क्लास को बंक करने की सुविधा भी और ड्रेस का झमेला भी अब नहीं रहा। शुरू-शुरू में तो बहुत मजा मिला अपनी इस नई-नई आजादी का, लेकिन फिर लगा कि यहां तो किसी को फिक्र ही नहीं। पढ़े-पढ़े, नहीं पढ़े नहीं पढ़े। प्रोफेसर को इससे कोई मतलब ही नहीं। उसका काम क्लास में आना, पढ़ाना और चले जाना।

मुझे फिर स्कूल याद आने लगा। लगा कि एक वो जगह थी कि नहीं पढ़ने पर या होम वर्क नहीं करने पर सजा दी जाती थी। कभी-कभी मुर्गा भी बना दिया जाता था। मास्टर जी को अपने नहीं पढ़ने वाले मुर्गों से भी लगाव होता था। अपने इन मुर्गों का भविष्य संवारने को मास्टर साहब अपनी जिम्मेवारी समझते थे। इसलिए कभी-कभी जिम्मेवारी ज्यादा महसूस होने पर मुर्गों की छड़ी से बकायदा पूजा भी होती थी। मास्टर साहब की यही छड़ी कई मुर्गों को आदमी बना देती थी।

अब कॉलेज में वो छड़ी और मुर्गा बहुत याद आने लगा, लेकिन पीछे लौटना तो संभव नही था। इसलिए आगे देखने पर लगा कि पढ़ाई वढ़ाई से बढ़िया एक अदद सी नौकरी हो। असली मजा तो नौकरी वाले का ही है। महीने की ठीक पहली तारीख को जेब गर्म। न मांगने की शर्मिंदगी और न ही घर वालों को खर्चे का हिसाब देने की झिकझिक। रुपयों की गर्मी से रुआब अपनी जगह। असली राजा तो नौकरी वाला ही है। बाकी तो सब चाकर ही हैं तो चाकर बनना किसे पसंद होता। इसलिए सारा जोर नौकरी के लिए लगा दिया। बैंकिंग, रेलवे, एलआईसी। अब पढ़ाई का एक ही मकसद था, नौकरी कर राजा बन जाना। आखिर ऊपर वाले ने राजा भी बना दिया, लेकिन फिर समझ में आया कि यहां तो मुझसे भी ऊपर बहुत से बड़े-बड़े राजा हैं जिनकी निगाह में तो मैं प्रजा से भी बदतर था। जब दिल करता बुलाकर डांट देते कि टारगेट पूरा क्यों नहीं हो रहा? हर साल के टारगेट ने जिंदगी को एक रेस बना दिया।

रेस के नाम पर याद आया कि एक बार एक आदमी दौड़ के मैदान में उसके साथ हुए एक अजीब वाकये को बताते हुए बोला। यार, उस दिन तो गजब हो गया। मित्र -क्यों क्या हुआ? मैं घोड़ों की दौड़ देखने मैदान गया था। वहां घोड़ों की कतार के पीछे खड़ा होकर घुड़दौड़ देखने के लिए उतावला हो रहा था। मुझे लगा कि जैसे मेरे जूते का तस्मा ढीला हो गया है। मैं अभी झुककर अपने जूते का फीता बांध ही रहा था कि किसी ने मेरी पीठ पर जीन कस दी। मित्र हैरान होकर-फिर, फिर तुमने क्या किया? मैं और क्या करता। किसी तरह जान लगा कर भागा, लेकिन फिर भी दसवें स्थान पर रहा तो मित्रों यहां पर हम सबकी पीठ पर एक अदृश्य जीन कसी हुई है। जिस पर कोई न कोई सवार है। अगर और कोई नहीं तो हमारी ख्वाहिशें ही हमारी पीठ पर सवार हैं और हम भागे चले जा रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए।

शायद ख्वाहिशों के पूरा होने को ही हमने खुशी का पर्याय समझ रखा है, लेकिन क्या सच में ख्वाहिशों का पूरा होना ही खुशी का दूसरा नाम है, क्योंकि ख्वाहिशों का कोई अंत नहीं। एक पूरी होती है तो दूसरी सर उठाने लगती है। आखिर खुशी है क्या?

# सिल्ट का सिस्टम



अरविंद त्रिपाठी
सूचना एवं संचार विशेषज्ञ

देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है।

देश में मानसून आने को है। सभी प्रदेशों में नगर विकास मंत्रियों ने प्राथमिकता के आधार पर शहरी नालों की सफाई का जन-लुभावना ऐलान कर रखा है। जिस प्रकार, विकास और शहरीकरण एक दूसरे का पर्याय हैं। इसी भांति नालों की सिल्ट और चोक सीवरेज के कारण जल भराव एक-दूसरे का पर्याय बन चुके हैं। प्रत्येक वर्ष नालों की सिल्ट साफ करने में पर्याप्त सुरक्षा मानकों का पालन न करने के कारण असंगठित क्षेत्र के मजदूर जहरीली गैस रिसाव की चपेट में आकर असामयिक मौत का शिकार बन जाते हैं। इस पूरी समस्या की जड़ में, अनियोजित कूड़ा प्रबंधन है। अनियंत्रित उपभोक्तावादी जीवन के कारण शहरीकरण के जन्मजात दोष के रूप में नागरिकों में "सिविक सेन्स" और नगर निगमों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के नियोजन के अभाव से महानगरों में कूड़े के पहाड़ समस्या बनते जा रहे हैं। इसके चलते हवा और पानी के माध्यम से मृदा और जीवन में जहर घुलता जा रहा है। भूजल की गुणवत्ता कुप्रभावित होने के बाद भूगर्भ जल भी तेजी से कूड़े के पहाड़ों के रिसाव से तेजी से जहरीला होता जा रहा है।

विश्व में सर्वप्रथम हड़प्पा-मोहनजोदड़ो की सभ्यता में नियोजित शहरीकरण का प्रमाण पाया जाता है। ग्रिड आधारित व्यवस्था पर समकोण पर बनी सड़कों और पकी ईंटों की बनी नालियां इस सभ्यता को पूर्व और समकालीन सभ्यताओं से श्रेष्ठ बनाती हैं। इसके साथ ही इन नाले-नालियों में कूड़ा-करकट और सिल्ट की सफाई के लिए बनाए गए सोकपिट की उपलब्धता इन सड़कों की सबसे बड़ी खासियत है। यह साबित करता है कि हम भारतीय ग्रामीण अतिरेक उत्पादन से विकसित हुए नगरों के नागरीय प्रबंधन के भी विशेषज्ञ रहे हैं।

इसे यूं भी कह सकते हैं कि नगरीय कूड़ा और घरेलू एवं वर्षा जल प्रबंधन भी हमारे शहरी नियोजन का अनिवार्य भाग रहा है। किंतु दुर्भाग्यवश आज देश की सभी बड़ी नदियां मानव उत्सर्जित मल और अजैविक कूड़ा ढोने की मालगाड़ियां बन चुकी हैं। शाश्वत नगरी वाराणसी की वरुणा और असी नदियां पूरी तरह नाला बन चुकी हैं।

बिट्रिश काल में ही महामना मदन मोहन मालवीय ने तत्कालीन सरकार को इन सहायक नदियों में घरेलू अपशिष्ट न मिलाए जाने का विरोध किया था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इस प्रयास के बाद इसकी पुनरावृत्ति न करने के लिए आश्वस्त किया था, इस आश्वासन को कालांतर में भुला दिया गया। इसी क्रम में कानपुर के गणेश शंकर विद्यार्थी ने विधानसभा में कानपुर और वाराणसी की गंगा में गिर रहे नालों के प्रबंधन पर सवाल किया था, जो कि आज भी विधानसभा की लाइब्रेरी में दर्ज है। विद्यार्थी जी के उठाए गए सवालों को सौ वर्ष हो रहे हैं। विदेशी ही नहीं स्वदेशी सरकार भी सभी राजनीतिक दलों की बन चुकी है। सिल्ट की सफाई के माध्यम से गंगा को घाटों पर लाने की जन जागृति अभियान की परिणति सरकारी योजना "गंगा एक्शन प्लान" के दो फेज के रूप में रह चुकी है। इसी तर्ज पर देश की तमाम नदियों की सफाई की करोड़ों धनराशि की सिविल इंजीनियरिंग की योजनाएं बनती और असफल होती रही हैं। देश की वर्तमान आवश्यकता नागरिकों और सरकारों द्वारा उत्सर्जित जैविक, अजैविक और रासायनिक कूड़े के कुशल प्रबंधन की व्यवस्था करना है। यह कार्य केवल सरकारों के माध्यम से ही नहीं हो सकता है। जनजागरण और जनसहभागिता के लिए शहरों में बनी जनसमितियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। साथ ही शिक्षा प्रणाली में अनिवार्य भाग बनाकर छात्र-छात्राओं को कूड़ा-प्रबंधन का ज्ञान कराया जाना अत्यावश्यक है ताकि "मेरा कूड़ा जमीन नहीं छूता" जैसा जन सहभागी अभियान सार्थक रूप से संचालित किया जा सके। घरेलू निकासी जल और जलघुलित मल के प्रबंधन के साथ ही रासायनिक और औद्योगिक कचरे के प्रबंधन की शिक्षा के साथ ही सरकारों को ट्रीटमेंट प्लांट बनाने चाहिए।

इस दिशा में विश्व के विकसित देशों से सबक लेते हुए भारतीय संस्कृति और संसाधनों को देखते हुए सतत कार्ययोजना बनाकर नालों में गंदगी ठेलने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी। बारिश के मौसम के आगमन के पूर्व नालों की सिल्ट साफ करने के साथ ही पानी के सभी कटोरों- यथा, झील, तालाब, सरोवरों आदि की सफाई भी कराना अति आवश्यक है ताकि बारिश की प्रत्येक बूंद को सहेजने में सफलता मिले। दरअसल आने वाली पीढ़ियों को समृद्ध प्राकृतिक जीवन उपलब्ध कराने के लिए इन जलनिधियों में जमा सिल्ट की सफाई कर वर्षा जल संग्रह के लिए इन सभी का वास्तविक और ऐतिहासिक स्वरूप स्थापित करने के लिए सरकार को अभियान चलाना ही होगा।

## सोशल फोरम

# सारे संकट की जड़

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

आज बहुत से तनाव, क्रोध, कुंठा मनोव्याधियों का एक स्रोत यह है कि 'स्मृतियों' की राजनीति मनुष्य को अतीत में धकेल रही है, लेकिन सृष्टि की गतिविधि ऐसी है कि कोई वापस अतीत में नहीं जा सकता। स्मृतियां मन को अतीत में खींच ले जाती हैं। तन भविष्य की ओर जाता है और मन अतीत की ओर इससे व्यक्तित्व विभाजित होता है। यही सारे संकट की जड़ है। मन की रचना में समाज की परिस्थितियों और मनुष्य के संबंधों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन परिस्थितियों और संबंधों को बनाने में सोद्देश्य राजनीतिक कार्यकलाप महत्वपूर्ण होते हैं।

मानव जीवन की प्रकृति ऐसी है कि उसमें एक तरफ रचना और दूसरी तरफ हिंसा एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह निहित रहते हैं। अपने आरंभ के विकासकाल से ही मनुष्य जहां औजार बनाता है और उनके सहारे जीवन के साधन निर्मित करता है, वहीं दूसरे प्राणियों और कबीलों से अपनी रक्षा के लिए लड़ता है। अब अगर हम मनुष्य की रचनात्मक वृत्तियों को चालित करने वाले विषयों को सामूहिक जीवन में उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना वैसी ही बनती है, ऐसे विषय हमेशा भविष्य की ओर उन्मुख होते हैं। अगर अगर हिंसक वृत्तियों को चलित करने वाले विषयों को उभारते हैं तो सामाजिक मनोरचना भय, घृणा, उत्तेजना से भर जाती है। ऐसे विषय हमेशा अतीत पर आधारित और काल्पनिक होते हैं। पहली चीज समाज को आगे ले जाती है और दूसरी चीज पीछे ले जाती है, लेकिन यही बात जब व्यक्ति के स्तर पर घटित होती है तब मनुष्य भयानक तनाव झेलता है। तन आगे जाता है, मन पीछे जाता है तो व्यक्तित्व विघटित होता है। इसका समाधान हमें खुद मिल सकता है। यदि हम सोचें कि बीते हुए एक पल पीछे जाकर भी अपने किए को बदल लें तो यह संभव नहीं है। इसलिए मन का तालमेल तन से बिठाना चाहिए।

**-फेसबुक वॉल से**

# संस्कृति और सभ्यता




डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है।

बहुधा मैं 'संस्कृति' और 'सभ्यता' शब्दों को समानार्थक शब्दों के रूप में प्रयोग किए जाते हुए देखता हूं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। इनमें अंतर है। संस्कृति किसी समाज के सामाजिक रूप से सोचने के तरीके, व्यवहार, व्यवहार के मानकों, नियमों, ज्ञान, विश्वासों, कला, रीति-रिवाजों, तौर-तरीकों, क्षमताओं और आदतों का संयुक्त नाम होता है। इसके घटकों में मुख्य रूप से भाषा, धर्म, खान-पान, सामाजिक व्यवहार के तरीके, कला, संगीत और परंपराएं आती हैं। यह मानव की मानसिक विरासत को बताने का एक तरीका है। यह विरासत पीढ़ी दर पीढ़ी आगे जाती है। यह समाज के अ-पदार्थ पक्ष को दिखाती है।

संस्कृति एक बदलने वाली वस्तु होती है। मनुष्य के बदलते ज्ञान-विज्ञान और बदलती सोच के अनुसार इसमें अंतर आता रहता है। इसका एक उदाहरण है कि हम कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में बड़ों और गुरुजन के चरण स्पर्श किए जाते हैं, लेकिन संभव है कि बदलती सोच, बदलती परंपराओं और बदलते ज्ञान-विज्ञान के अनुसार चरण स्पर्श की परंपरा बदल जाए और लोग केवल हाथ जोड़कर ही बड़ों का अभिवादन करें। यह संभव है कि कभी केवल हाथ हिलाकर और 'हाय' कहकर यह अभिवादन हो। संभव है कि किसी देश की संस्कृति में गले लगकर अभिवादन होता हो तो कहीं हाथ मिलाकर और कहीं गाल या हाथ का चुंबन लेकर। अलग-अलग समाजों की अलग-अलग प्रकार की संस्कृतियां हो सकती हैं। ये डायनेमिक अर्थात् प्रवाहमयी अर्थात् बदलने वाली होती हैं। वहीं सभ्यता की बात करें तो सभ्यता एक ऐसे जटिल समाज को कहते हैं जिसमें नागरिक विकास, विभिन्न सामाजिक स्तर, जीवन जीने के स्तर, शासन का प्रकार और संचार एवं संवाद के प्रतीक, जैसे भाषा और लिपि आते हैं। इसमें संगठित संस्थान जैसे शिक्षा देने की व्यवस्था भी आते हैं। यह चीज समाज की ठोस संरचना पर केन्द्रित होती है। यह समाज के तकनीकी विकास, वहां के शासन और प्रशासन के तरीके, वहां की अर्थव्यवस्था और अनेक प्रकार के विकासों को दिखाती है। उदाहरण के लिए हम कहते हैं सिंधु घाटी की सभ्यता, बेबीलोनियन सभ्यता, मायान सभ्यता, मिस्री सभ्यता, ग्रीक और रोमन सभ्यता और वैदिक काल की सभ्यता आदि। समाज के गुणों को बताने के अतिरिक्त संस्कृति, संस्कार और सभ्यता शब्दों का प्रयोग किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत गुणों को बताने के लिए भी किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति सभ्य और नम्र है, उसका आचार-विचार अच्छा है तो हम यह कहेंगे कि वह एक सुसंस्कृत व्यक्ति हैं। हम कहेंगे कि उसके संस्कार अच्छे हैं। यह संस्कार किसी व्यक्ति के बचपन से प्राप्त विचार और अनुभव होते हैं, जो विचार करने के तरीकों और विश्वासों के रूप में उसके मन-मस्तिष्क में बैठ जाते हैं। यह उसकी शिक्षा-दीक्षा पर निर्भर करते हैं। यह संस्कार व्यक्ति द्वारा कलाओं और सामाजिक क्रियाकलापों जैसी अनेक बातों में भाग लेने और आपस में सामाजिक रूप से घुलने-मिलने से भी बनते हैं। माता-पिता और गुरुजन से प्राप्त विचार भी इसमें अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। कोई व्यक्ति दूसरों को आदर देता है अथवा नहीं, क्रोध करता है अथवा नहीं, वह बातों को समझता है अथवा नहीं, वह सामाजिक नियमों का पालन करता है अथवा नहीं, उसके नैतिक, सामाजिक और धार्मिक विश्वास क्या हैं, ये बातें उसके संस्कार और संस्कारों से बनी उसकी सोच पर निर्भर करती हैं। एक सभ्य व्यक्ति भी व्यवहार के अच्छे तौर-तरीके और शिष्टाचार रखेगा। वह नैतिक और मर्यादायुक्त व्यवहार रखेगा। वह ईमानदार होगा। अतः हम देखते हैं कि जहां समाज के रूप में देखने पर संस्कृति और सभ्यता में अंतर होता है, वहीं व्यक्तिगत गुणों के रूप में इनमें कोई विशेष अंतर नहीं होता है। वहां ये एक-दूसरे को 'ओवरलैप' करते हैं। एक आदमी को हम सभ्य और सुसंस्कृत- दोनों ही कह सकते हैं। हां, हम कह सकते हैं कि 'संस्कृत' और 'संस्कृति' में कुछ अंतर होता है। जहां 'संस्कृत' शब्द व्यक्ति के संस्कारजन्य गुणों को बताता है, वहीं 'संस्कृति' शब्द इन गुणों में विरासत का पुट भी दिखाता है।

# हम सब मिलकर चलें



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बात शहर या कस्बे की नहीं है, बात गांव की है। यह तो मैंने स्वयं देखा है कि गांव में गाय का दूध बेचना निषिद्ध माना जाता था। आज तो पानी का भी व्यापार अरबों, खरबों में है। क्योंकि अब हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं, किंतु उन गरीबी के दिनों में छाछ बेचना निषिद्ध था। गांव में यदि लड़की की शादी है तो दूधिए शहर नहीं जाते थे, वह दूध गांव में ही रहता था। आप गरीबी कहना चाहें तो कहिए, किंतु वे कठिनाई के दिन लोगों ने समष्टि भाव से व्यतीत कर लिए थे। आज व्यष्टिभाव का जमाना है। समष्टिभाव के बिना न तो समाजवाद का कोई अर्थ है और न राष्ट्रवाद का जिससे कम्यूनिज्म शब्द बनता है, वह कम्यून शब्द समष्टिभाव गर्भित है।

स्वतंत्रता के संग्राम की शक्ति इसी समष्टिभाव में निहित थी, जो समष्टिभाव को नहीं समझ सकता, उसके लिए देशभक्ति निरर्थक शब्द है। समष्टिभाव के बिना सामाजिक न्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता, झंडे चाहे कितने ही लगा लो। लोकतंत्र तो समष्टिभाव से ही संचालित हो सकता है, व्यष्टिभाव आते ही वह तानाशाही बन जाएगी। वैदिक साहित्य में यजामहे का प्रयोग बार-बार आता है, हम सब जीवन का यज्ञ कर रहे हैं। संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। हम सब मिलकर चलें, हम सब परस्पर मिलकर संवाद करें और एक-दूसरे के मन को जानें।

## एक नजर

### भाकियू अराजनैतिक की आज होगी पंचायत

**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को तहसील परिसर में विभिन्न मुद्दों को लेकर भाकियू अराजनैतिक पंचायत करेगी। पंचायत के बाद एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक मुरादाबाद मंडल के महासचिव जितेंद्र बिश्नोई उर्फ जीतू ने बताया कि भाकियू अराजनैतिक की पंचायत तहसील परिसर में होगी। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के साथ ही क्षेत्रीय मुद्दों को भी उठाया जाएगा। इसी के साथ मांगों के संबंध में एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### शांति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने शांति भंग की आशंका में नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस ने रामकरन, प्रवेश कुमार, हरि सिंह, नन्हे निवासीगण ग्राम गढी थाना कांठ, विशाल निवासी ग्राम अकबरपुर चैदरी, बन्ने उर्फ गुलफाम अली, निवासी भीकनपुर, फुरकान, शहजाद निवासी नया गांव अकबरपुर चैदरी, बेगराज निवासी ग्राम ध्यानपुरा को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### खेत में खड़ी बाइक चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चोर ने किसान की खेत में खड़ी बाइक चुरा ली और फरार हो गया। किसान की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम बेगमपुर निवासी वसीम अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद 16 जून को अपनी बाइक से अपने खेत पर गया था। बाइक खेत में खड़ी करके वह गन्ने के खेत में चला गया। इस बीच चोर उसकी बाइक को लेकर फरार हो गया था। जब वसीम ने आकर देखा तो उसे खेत पर बाइक नहीं मिली। वह अपने पिता मुस्तकीम के साथ थाना कांठ पहुंचा और तहरीर दी।

### महिला से मारपीट

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गांव निवासी महिला ने अपने देवर पर मारपीट कर घर से निकलने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी देवर पर कार्रवाई की मांग की है।

# अधिवक्ता व लेखपाल आमने-सामने

## लेखपाल से मारपीट में पुलिस ने दो अधिवक्ताओं पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा में एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लेखपाल से मारपीट के आरोप में दो अधिवक्ताओं के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इसके बाद एक तरफ जहां बार एसोसिएशन ने बैठक कर एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय का बहिष्कार करने के साथ गुरुवार को कोतवाली में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है वहीं दूसरी ओर लेखपाल संघ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की है।

तहसील कार्यालय में मंगलवार को ग्राम सहसपुरी के लेखपाल मुनेश कुमार और अधिवक्ता योगेंद्र यादव एवं कुलवंत सिंह के बीच विवाद हो गया था। बीती रात लेखपाल मुनेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ता योगेंद्र यादव और कुलवंत सिंह के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट

- **लेखपालों ने की नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग**

की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को घटना को लेकर एक तरफ अधिवक्ता लंबबंद हो गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देने के साथ ही ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन की ओर से बैठक कर एसडीएम तहसीलदार और नायब तहसीलदार के न्यायालय बहिष्कार की चेतावनी दी है। ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार के अनुसार पुलिस ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया है। इसके खिलाफ कोतवाली पर गुरुवार को 12 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर नामजद अधिवक्ताओं की गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष उमेश कुमार, मंत्री हिमांशु, मुनव्वर अली, नीतीश कुमार, मनोज कुमार विकास कुमार, पीयूष कुमार आदि थे।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, महिला समेत दो घायल

**छजलैट, अमृत विचार:** लिंटर खोलने के दौरान मिट्टी गिर जाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई व दो व्यक्तियों को मामूली चोटे आई।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम रवाना निवासी रियासुद्दीन पुत्र इकरामुद्दीन के मकान का लिंटर खोला जा रहा था। लिंटर खोलते समय पड़ोस के घर में मिट्टी गिर जाने से गांव के ही शकील, साबिर, कफील, नदीम फहीम आ गए उन्होंने लिंटर खोल रहे मिस्त्री नफीस को गाली देनी शुरू कर दी। इसी बीच नफीस पत्नी परवीन भी बीच में आ गई।

लेकिन आरोपियों ने परवीन को पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसको काफी चोटे आईं। बचाव में आए सलमान, अकरम व नफीस को भी मामूली चोटे आई हैं। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप



पुलिस हिरासत में विद्युत विभाग की टीम पर हमला करने वाले तीनों आरोपी।

### विद्युतकर्मियों पर हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक के थाना मैनाठेर क्षेत्र के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर और पथराव करने वाले पांच आरोपियों में से पुलिस तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार कस्बा महमूदपुर माफी में विद्युत उपकेंद्र से 200 मीटर की दूरी पर जब अवर अभियंता जयवीर सिंह और उनकी टीम में शामिल आशीष शर्मा, विवेक कुमार व आले इमरान राजस्व की वसूली कर रहे थे तभी उन पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला और पथराव किया। जिसमें जेई जयवीर सिंह घायल हो गए थे। बुधवार को पुलिस ने हमला करने और गाली गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले तीन नामजद आरोपी चोखे सैनी पुत्र ख्याली सैनी, हरिओम पुत्र टीका राम, बुद्धा पुत्र डालचन्द सैनी निवासी महमूदपुर माफी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को अवर अभियंता ने तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।



गांव बहेड़ी ब्रह्मनान में योग करते साधक। ● अमृत विचार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के देवकी नंदन शर्मा इंटर कॉलेज बहेड़ी ब्रह्मनान में 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार महिला सशक्तिकरण हेतु योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार के निर्देशन में आयुष मंत्रालय द्वारा निर्देशित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सामान्य अभ्यासक्रम प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इस अभ्यास के क्रम में सर्वप्रथम ईश प्रार्थना, विभिन्न प्रकार की चालन क्रियाएं -ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, कटी चालन आदि का अभ्यास कराया जा रहा है। इस योगाभ्यास सत्र में आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे भाग ले रहे हैं। कालेज प्रबन्धक पं. राधेश्याम शर्मा एवं ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज द्वारा साधकों के लिए शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जा रही है।



राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया

**कुंदरकी, अमृत विचार:** बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान समेत कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान केक काटकर व पौधरोपण कर उनकी दीर्घायु की कामना की।

पौधरोपण के पश्चात चौधरी अहसान खान ने कहा कि राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष से डरे बिना देश की जनता को जागरूक किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी दाऊद खान, परवेज़ खान, अफल साबरी, नगर अध्यक्ष शौकत, इरफान खान, फारूख ,बग्गा चौधरी, शाकिर कुरैशी, अब्दुल्ला खान, शादाब खान आदि मौजूद रहे।

# तेंदुए का शावक मिलने से दहशत

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर में एक किसान के खेत में तेंदुए का शावक मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम और थाना पुलिस ने तेंदुए के शावक की निगरानी कर जंगल में कांबिंग की, परंतु टीम को सफलता नहीं मिली है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर ने लोगों से जंगल में सतर्क रहने की अपील की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम पाइंदापुर निवासी किसान सुच्चा सिंह के खेत में बुधवार को लोगों ने तेंदुए का शावक देखा तो वह घबरा गए। किसान सुच्चा सिंह के स्वजनों ने मामले की जानकारी थाना कांठ पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तथा वन विभाग के



किसान के खेत में मिला तेंदुए का शावक

डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां पर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मौके पर एक तेंदुए का शावक उन्हें खेत में मिला। दूसरा शावक नहीं मिला। जिसको लेकर वन विभाग की टीम और थाना पुलिस

**कार्रवाई**

- **ग्राम पाइंदापुर में ग्रामीणों ने वनकर्मियों को दी सूचना**
- **वन विभाग की टीम व पुलिस ने जंगल में की कांबिंग**

ने आसपास के जंगल में कांबिंग की। परंतु न तो तेंदुए का दूसरा शावक मिला और न ही तेंदुआ मिला।

